दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 42 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 28 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# हम वोटो की राजनीति नहीं करते जनता का काम करते हैं, हम टकराव नहीं समझौता करने वाले हैं : भजनलाल शर्मा

## राजस्थान विधानसभा में वित्त और विनियोग विधायक पारित, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की कई बड़ी घोषणाएं, रोडवेज की 300 नई बसें खरीदने, मासिक पेंशन योजना की राशि 1450 रुपए करने, जनजाति क्षेत्र के 5000 युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने, सड़कों के मिसिंग लिंक के लिए 500 करोड रुपए का अतिरिक्त प्रावधान, 20 नई टाउन प्लानिंग योजनाएं बनाने, द्रव्यवती नदी पर एलिवेटेड रोड बनाने, आगामी वर्ष में 125000 नौकरियों का कैलेंडर जारी करने, 2500 दिव्यांग जनों को स्कूटी बांटने इत्यादि कई घोषणाएं की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को राजस्थान विधानसभा में अपने बजट भाषण में विभिन्न क्षेत्रों में कई बड़ी घोषणाएं की, शनिवार को राजस्थान विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट का बजट पारित हो गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने बजट में कई बड़ी घोषणा की है जिसमें मासिक सुरक्षा पेंशन 1450 रुपए किए जाने, रोडवेज के लिए 300 नई बसें खरीदने, 2500 दिव्यांग जनों को स्कूटी बांटने, 3725 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद, 20 नई टाउनशिप योजनाएं बनाने, मिसिंग सड़क लिंक के लिए 500 करोड रुपए की अतिरिक्त व्यवस्था करने, प्रदेश में जनजाति क्षेत्र के 5000 युवाओं को उद्योगों के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने, जनजाति क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से व्यापक कार्यक्रम तैयार कर किया जाएगा सर्वे, द्रव्यवती नदी पर एलिवेटेड रोड बनाने, आगामी वर्ष में 125000 नौकरियों का कैलेंडर जारी करने, पचपदरा में कौशल विकास



हब की स्थापना करने जैसी कई बड़ी-बड़ी घोषणाएं की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि हम वोटो की राजनीति नहीं करते बल्कि हम जनता का काम करते हैं उन्होंने कहा कि हम विपक्ष को अपनी ताकत समझते हैं और सदन में आने वाले प्रत्येक सुझाव और विचार को महत्व देते हैं क्योंकि सदन में आने वाला प्रत्येक विचार और सुझाव जन भावना से जुड़ा होता है इसलिए उन्होंने हमेशा सदन में आने वाले प्रत्येक विचार और सुझाव पर गंभीरता से सोचा है और जिस सुझाव और विचार पर तुरंत एक्शन लिया जा सकता है उस पर तुरंत एक्शन लिया है और जिस पर नीति बनाकर काम किया जा सकता है उस पर नीति बनाकर काम करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उन्होंने सदन में पहले भी कहा है कि विपक्ष हमारी ताकत है लेकिन इसके लिए विपक्ष की दिशा भी ठीक होनी चाहिए उन्होंने कहा कि पिछले सरकार की 5 साल के कार्यों की तुलना में हमारी सरकार में 2 साल में हर क्षेत्र में कई गुना ज्यादा कार्य हुए लेकिन विपक्ष तुलनात्मक कामकाज की बहस के लिए अपनी हिम्मत नहीं जुटा पाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सदन में आने से हमेशा बचते हैं जिस दिन बहस होनी थी उस दिन वे सदन में नहीं आए अगले दिन सदन में आए। सदन में आने के बाद भी उन्होंने किसी भी विषय पर कुछ भी नहीं बोला। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जब सदन में आए थे तो उन्हें अपने सुझाव और विचार प्रकट करने चाहिए क्योंकि वह काफी सीनियर और सम्माननीय नेता थे लेकिन उन्होंने सदन में कुछ कहने की वजह है सदन के बाहर पत्रकारों के समक्ष अपनी बात कही। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा से बढ़कर पवित्र स्थान सार्थक बहस के लिए और कहां हो सकता है लेकिन विपक्ष आंकड़ों को देखकर भाग गया लेकिन विपक्ष आंकड़ों से भाग कर सच्चाई को छुपा नहीं सकता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने पुस्तक में हमारी सरकार के कामकाज के आंकड़े ही प्रस्तुत नहीं किए थे बल्कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के आंकड़ों को भी दर्शाया था ।लेकिन विपक्ष के पास हमारी सरकार के दो साल के कामकाज का कोई तोड़ नजर नहीं आया इसलिए उन्होंने चर्चा करने से बचने के लिए अपनी अलग ही बात कहते रहे और हंगामा मचाते रहे जो ठीक नहीं है ।उन्होंने कहा कि मैंने सिर्फ अपने 2 साल के कामकाज के बारे में सदन को और प्रदेश की जनता को बताने का काम किया था यह मेरी जिम्मेदारी थी मैं किसी को चैलेंज भी नहीं किया था उन्होंने ही आगे बढ़कर चर्चा करवाने की मांग की और फिर खुद ही आगे बढ़कर चर्चा करने से सदन से भाग गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अगर मैं किसी जनसभा में लोगों के बीच जाता हूं तो विपक्ष के लोग कहते हैं मैं घूम रहा हूं अगर मैं प्रदेश की जनता के लिए दिल्ली जाता हूं तो विपक्ष के लोग कई तरह की बात करते हैं मेरे लिए कहते हैं मैं हेलीकॉप्टर से घूमता हूं अब मैं विपक्ष के लोगों से यह पूछता हूं कि जब उनकी सरकार थी तो क्या वह पैदल घूमते थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि उनके पीछे पड़ने की वजह है अगर अपने क्षेत्र में जनता से जाकर मिलोगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा अन्यथा अगले विधानसभा चुनाव में भी दुर्गति होने वाली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कामां का नाम बदलकर काम वन नाम देने की घोषणा की भीलवाड़ा के जहाजपुर का नाम यज्ञपुर करने की घोषणा की तथा माउंट आबू का नाम बदलकर आबूराज करने की भी घोषणा की । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में युवाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े कार्य किए हैं जिसमें चार लाख युवाओं को नौकरी देने की दिशा में सरकार ने तेजी से कार्य किया है जिसमें 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है तथा निजी क्षेत्र में भी 2 लाख युवाओं को नौकरी दी गई है तथा 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में 125000 सरकारी नौकरियों का कैलेंडर जारी किया जाएगा मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने की दिशा में सरकार ने कई तरह की योजनाएं शुरू की है जिसमें युवाओं को उनका उपक्रम और रोजगार स्थापित करने के लिए सरकार ऋण उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना चाहती है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में राजस्थान का युवा पूरे 5 साल तक रोजगार के लिए तरसता रहा खून के आंसू रोता रहा बड़े स्तर पर सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुई जिसकी वजह से सरकारी नौकरियां नहीं लगी लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने सभी सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों की जांच की है जिसमें बड़ी संख्या में आरोपी लोगों की गिरफ्तारी हुई है कई बड़े-बड़े लोग गिरफ्तार हुए हैं और अब भी जांच जारी है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार के कार्यकाल में कई सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है इसीलिए राजस्थान के युवा हमारी सरकार को उम्मीद की निगाह से देख रहे हैं ।

## द्रौपदी मुर्मू प्रचंड में सवार भारत की पहली राष्ट्रपति जो लड़ाकू हेलीकॉप्टर में बनी को-पायलट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** वायु शक्ति 2026 से पहले राजस्थान के जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन पर ऐतिहासिक पल शुक्रवार की सुबह देखने को मिला जब लड़ाकू विमान हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू में सवार हुई, शुक्रवार की सुबह जैसलमेर वायु सेना स्टेशन पर स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड से उड़ान भरी द्रौपदी मुर्मू भारत की पहली राष्ट्रपति हैं जो लड़ाकू हेलीकॉप्टर में को पायलट बनी और उनके लिए करीब 25 मिनट की विशेष अथॉरिटी निर्धारित की गई राष्ट्रपति मुर्मू ने अक्टूबर 2023 में अंबाला वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी जिससे वह दो अलग-अलग लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बन गई है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे और एयर फोर्स के क्षमता प्रदर्शन को देखते हुए जैसलमेर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं पूरे इलाके को 9 फ्लाई जोन



घोषित किया गया है पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं और सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है शुक्रवार की शाम जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन पर एयर फोर्स और मिलिट्री की ओर से शानदार और एयर शो का आयोजन किया गया एयरफोर्स के लड़ाकू विमान ने आसमान में एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं और अपनी क्षमता और बहादुरी का प्रदर्शन करके पाकिस्तान को यह संदेश देने की कोशिश की है कि भारत से मत टकराना नहीं तो चूर-चूर हो जाएगा इस शो में कई अत्याधुनिक हथियारों यंत्र और उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया भारत में निर्मित यंत्र हथियार इत्यादि सामग्री का प्रदर्शन करके यह बताया गया कि भारत अब हथियार उत्पादन में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है जानकारी के अनुसार प्रचंड हेलीकॉप्टर में सवार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरी तरह से एक सैनिक वेशभूषा में नजर आई और उनके चेहरे पर अलग उत्साह और जोश दिखाई दे रहा था राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ऐसे दिख रही थी जैसे वह एयरफोर्स की जवान हो उन्होंने उड़ान भरने के दौरान भी देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि आज प्रचंड हेलीकॉप्टर में सवार होकर उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है उन्होंने एयरफोर्स प्रशासन और अधिकारियों का भी शुक्रिया अदा किया

## शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपी बरी, सीबीआई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** दिल्ली के चर्चित शराब घोटाला केस में दिल्ली के राहुल एवेन्यू कोर्ट का फैसला शुक्रवार को आ गया। एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य सभी आरोपियों को इस केस से पूरी तरह से मुक्त कर दिया है और कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में सीबीआई ठोस और पर्याप्त सबूत कोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर पाई इसलिए सीबीआई की दलील पर विश्वास नहीं किया जा सकता। कोर्ट के इस निर्णय के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई है। कोर्ट के इस निर्णय पर अरविंद केजरीवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में उन्हें और उनके साथियों को बेवजह बदनाम किया गया लेकिन उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा था उन्हें अपनी ईमानदारी और सत्यता पर पूरा यकीन था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल रोते हुए भी दिखाई दिए। कोर्ट ने आबकारी विभाग के पूर्व कमिश्नर कुलदीप सिंह





को भी पूरी तरह से मुक्त कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि सत्य की जीत हुई हमारे ऊपर कीचड़ फेंका गया सिटिंग मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया। उन्होंने पूरे केस को झूठा बताया । जानकारी के अनुसार 17 नवंबर 2021 को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली तत्कालीन सरकार ने नई शराब नीति लागू की 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव ने तत्कालीन उप राज्यपाल वीके सक्सेना तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ ही आर्थिक अपराध शाखा को एक रिपोर्ट भेजी इस रिपोर्ट में कहा गया यह नीति उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना लाई गई और गलत तरीके से राजस्व कमाया गया इसी रिपोर्ट में शराब बेचने वाली कंपनियों को लाइसेंस फीस में 144.36 करोड़ रुपए की छूट दिए जाने से सरकार के खजाने को नुकसान हुआ 17 अगस्त 2022 को सीबीआई ने केस दर्ज किया इसके दो दिन बाद ही सीबीआई ने दिल्ली के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर और दफ्तर अन्य सात राज्यों की 31 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया ने भी इस मामले में अलग से केस दर्ज कर जान छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया प्रवर्तन निदेशालय ने भी इस मामले में अलग से केस दर्ज कर जांच शुरू की इस मामले में जांच पड़ताल के बाद सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया और कई अन्य आरोपी लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा ।

# आज प्रदेश की जनता को पीएम नरेंद्र मोदी देंगे होली की विषेश सौगात, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गदगद

## सभा में करीब 2 लाख लोगों के आने की उम्मीद, विशाल और शानदार पंडाल बनकर तैयार, सुरक्षा के कड़े प्रबंध, सभा स्थल पर आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था, करीब 8500 वाहनों की पार्किंग की अलग से व्यवस्था, पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, केंद्रीय मंत्री, सांसद विधायक भाजपा के संगठन से जुड़े सभी बड़े लोग सभा में रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के 8 करोड लोगों के लिए इस बार होली का पर्व काफी खास रहने वाला है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अजमेर में एक बड़ी जनसभा में प्रदेश के लोगों को करीब 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ-साथ प्रदेश के 21000 युवाओं को नौकरी पत्र भी वितरित करने वाले हैं । ऐसे में शनिवार का उगता हुआ सूरज प्रदेश के विकास में एक और नए स्वर्णिम अध्याय की पटकथा लिखने जा रहा है। पीएम मोदी कि यह सभा अजमेर में कायड़ विश्राम स्थल में आयोजित की जा रही है। सभा स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है पीएम मोदी के लिए एक विशाल और ऊंचा मजबूत मंच तैयार किया गया है जिसमें मोदी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कुछ चंद विशिष्ट लोग ही मंच पर बैठेंगे। सभा स्थल और सभा स्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं ड्रोन से भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का लगातार जायज लिया जा रहा है जिला प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारियों के अलावा जयपुर पुलिस मुख्यालय से आए कुछ बड़े सीनियर आईपीएस और सीनियर आईएएस अफसर को भी इस सभा के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है । इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा ,राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य केंद्रीय मंत्री राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष



मदन राठौड़, पार्टी के विधायक, सांसद और संगठन से जुड़े नेता भी शामिल होंगे ।जानकारी के अनुसार अजमेर में पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है रेलवे स्टेशन बस स्टैंड और अन्य सभी संवेदनशील जगहों पर खुफिया पुलिस के अधिकारी और जवान अपने स्तर पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं अजमेर में संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मोदी की यात्रा के दौरान अजमेर शहर और अजमेर शहर से जुड़े विभिन्न राजमार्गों पर किसी भी तरह की कोई ट्रैफिक व्यवस्था नहीं बिगड़े। इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने पहले से ही वैकल्पिक प्रबंध किए हैं रेली में आने वाले वाहनों के लिए एक विशाल पार्किंग स्थल सुनिश्चित किया गया है जहां रैली में आने वाले वाहनों को शिफ्ट किया जाएगा और फिर लोग पैदल ही सभा स्थल तक पहुंचेंगे रैली में उपद्रवी किस्म के लोग नहीं पहुंच पाए इसके लिए पुलिस रैली में आने वाले लोगों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर जमाई रहेगी रैली में महिलाओं और युवाओं की संख्या भी काफी ज्यादा होने की बात कही जा रही है इसलिए सभा स्थल पर महिलाओं के लिए अलग से स्थान सुनिश्चित किया गया है रैली में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए सभा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे जहां सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित किए गए हैं वहीं पर कई जगहों पर एलईडी स्क्रीन स्थापित की गई है ताकि रैली में आने वाले लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी देख सके और उनकी बात भी अच्छी तरह से सुन सके ।

### पीएम मोदी के समक्ष सरकार के कामकाज का विवरण प्रस्तुत करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जानकारी के अनुसार आज अजमेर में आयोजित इस विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण पर भी सबकी निगाह टिकी हुई है क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा आज अपने भाषण में अपनी सरकार के अब तक के कामकाज के बारे में विस्तार से बताने वाले हैं सरकार ने अब तक जो जो निर्णय और जो जो फैसले लिए हैं सरकार की से कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियां के अलावा मुख्यमंत्री शर्मा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने भाषण के माध्यम से यह बताएंगे कि सरकार ने भाजपा के संकल्प पत्र के अधिकांश वादों को पूरा करने के साथ-साथ सरकार की ओर से राजस्थान विधानसभा में अब तक जितने भी बजट प्रस्तुत किए गए हैं उन सब बजट की अधिकांश घोषणाओं का क्रियान्वयन भी किया गया है अपने भाषण में मुख्यमंत्री शर्मा पानी बिजली सड़क सौर ऊर्जा शिक्षा चिकित्सा खेती कृषक उद्योग वन पर्यटन पौधारोपण कानून व्यवस्था सुरक्षा महिला सुरक्षा अपराध इत्यादि सभी क्षेत्रों में सरकार के उल्लेखनीय कार्यों, नवाचारों और निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए पीएम मोदी को यह भरोसा भी दिलाएंगे की उन्होंने विकसित भारत 2047 की जो परिकल्पना की है उसमें राजस्थान पूरे देश में अग्रिम भूमिका निभाते भी है विकसित राजस्थान की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज के भाषण में पीएम मोदी को यह भी बताने का प्रयास करेंगे की पिछले 2 साल में सरकार के कार्यकाल में सरकार से जुड़े किसी भी व्यक्ति पर किसी भी तरह का भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं और हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर कार्य कर रही है अपने भाषण में मुख्यमंत्री शर्मा राइजिंग राजस्थान के समझोतो के क्रियान्वयन की दिशा में सरकार की ओर से किया जा रहे प्रयासों और कार्यों के बारे में भी जानकारी देकर यह बताने का प्रयास करेंगे कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार प्रदेश में उद्योगों का एक नया माहौल बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है ।

### पीएम मोदी की इस सभा से प्रदेश भाजपा के संगठन में नई ऊर्जा का होगा संचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज प्रदेश में होने वाली इस बड़ी जनसभा को लेकर सत्ता और संगठन दोनों ही काफी उत्सुक और जोश में है वजह यही है कि पीएम मोदी जब-जब प्रदेश में आते हैं तब तब उनकी ओर से एक तरफ जहां प्रदेश के लोगों को बड़ी-बड़ी सौगातें मिलती है तो दूसरी तरफ पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों के दिलों में नया जोश और जज्बा पैदा होता है जो कहीं ना कहीं पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में बड़ी भूमिका निभाता है इसलिए आज की इस सभा को लेकर प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े लोग भी काफी खुश है अजमेर और आसपास के जिलों से इस सभा में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के पहुंचने की बात कही जा रही है क्योंकि इस सभा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। अजमेर टोंक सवाई माधोपुर भरतपुर अलवर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ पाली भीलवाड़ा दोसा जयपुर नागौर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में यहां भाजपा के कार्यकर्ताओं के पहुंचने की संभावना है हालांकि इस जनसभा में दूर दराज के जिलों के लोग भी पहुंचेंगे ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
28 फरवरी, 2026


## अवैध खनन को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

### एसआईटी की बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में अवैध खनन के संबंध में एसआईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी पुलिस अधीक्षक खैरथल लालचंद, खनन अभियंता मनोज शर्मा, एसीएफ संजय चौधरी के अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अभियान के दौरान पुलिस वन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की। जिस पर खनन अभियंता ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरुद्ध इस वर्ष अब तक 25 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। जिसमें 11 प्रकरणों में दोषियों के विरुद्ध संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्व, पुलिस, खनन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जाए ताकि अवैध खनन को पूर्ण रूप से बंद किया जा सके।

## मशरूम की खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की तरफ से चिकानी, किशनगढ़बास में 10 दिवसीय मशरुम की खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने की प्रशिक्षण में चिकानी गाँव की स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई 35 महिलाओ द्वारा भाग लिया गया है। आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने महिलाओ को बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं गरीबी उन्मूलन में आरसेटी का अहम योगदान निभा रही है, प्रशिक्षण से महिलाओ की जीवन शैली व वित्तीय समावेशन को नई दिशा मिलेगी। संकाय सदस्य रेणु जैन ने महिलाओ को स्वरोजगार कर अपनी आजीविका को ओर बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षक बलजिंदर सिंह, मंजू बेदी क्लस्टर मैनेजर, दौलतराम एरिया को-ओर्डिनेटर मौजूद रहे।

## गोविन्ददेव जी महाराज मंदिर में होली 2 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के मन्दिर श्री गोविन्ददेव जी महाराज, बजाजा बाजार, अलवर में 2 मार्च, वार सोमवार को दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक फूलो की होली का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मंत्री दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में भक्तो व महावर समाज के द्वारा फाग उत्सव के साथ रस-रसिया, होली के धमाल और भगवान श्री गोबिन्ददेव जी महाराज के मन्दिर में फूलो की होली खेली जायेगी।

## 11 अप्रैल 2026 शनिवार को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार, ''चतुर्दशम् श्री श्याम वंदना महोत्सव''की तैयारियां जोरों पर




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के दशहरा मैदान, जेल चौराहा अलवर पर आगामी दिनांक 11 अप्रैल 2026, शनिवार को श्री श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.) अलवर के तत्वावधान में ''चतुर्दशम् श्री श्याम वंदना महोत्सव'' का भव्य आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रवक्ता महेन्द्र गोयल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विशाल भजन संध्या का शुभारंभ सायंकाल 07:30 बजे से होगा, जो प्रभु इच्छा तक निरंतर चलेगा। महोत्सव की तैयारियां पूरी भव्यता के साथ की जा रही हैं। इस महोत्सव में देश के नामी भजन गायक अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं छोटू सिंह रावणा (जैसलमेर), पारस लाडला (वृंदावन), माधवी शर्मा (वृंदावन), संजय शर्मा (अलवर), मोहन यदुवंशी (अलवर), मनीष जैन (हरि साउंड, अलवर)। कार्यक्रम में ''श्यामलीन श्री ललित मोहनाचार्य जी'' का शुभ आशीर्वाद प्राप्त होगा तथा ''कृष्ण चैतन्य मोहनाचार्य जी'' (तिजारा) द्वारा ज्योति प्रज्वलन किया जाएगा। भक्तों के लिए भव्य दरबार, छप्पन भोग प्रसाद, राधा की रसोई और माखन मिश्री प्रसाद विशेष आकर्षण रहेंगे। चतुर्दशम् श्री श्याम वंदना महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति के संरक्षक विमल कुमार जैन एवं कमल चंद जैन, अध्यक्ष रूपेश जैन,महामंत्री जयप्रकाश जैन, समिति सदस्य बृजेश गुप्ता, धर्मेंद्र मिश्रा, अंशुल गोयल, नवीन जैन, भुवनेश विजय, कुलदीप सिंह, अंकित अग्रवाल, ललित गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, उमेश शर्मा, चिराग जैन, सुरेश यादव और देवेंद्र सोमवंशी। समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस भव्य महोत्सव में सपरिवार पधारकर धर्म लाभ उठावे।

# जिला कलक्टर ने नगर निगम व नगर पालिकाओं के अवसंरचनागत कार्यों, बजट घोषणाओं एवं महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की

### समस्त नगर निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर फोकस कर गैप पूर्ति के लिए करें अनवरत प्रयास- जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर निगम व पालिकाओं के विकास कार्यो, बजट घोषणाओं एवं महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवसंरचनागत कार्यों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावे। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत विभिन्न कॉम्पोनेंट की समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों को सॉलिड वेस्ट की ट्रेंच एवं वर्मीकंपोस्टिंग के माध्यम से प्रोसेसिंग कराने, सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्ती के लिए 15 दिवस का अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने एवं एसबीएम के तहत गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती के लिए चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि जिले की समस्त नगर पालिकाओं में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन हेतु प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग मशीन लगवाई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए की हाउसहोल्ड शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण को गति देकर स्वीकृत कार्यों को एक माह में पूर्ण करावें। जिला कलक्टर ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर पालिका क्षेत्र में एक पार्क का चिन्हीकरण कर उसे आदर्श पार्क के रूप में विकसित करावें, वहीं एक प्रमुख चौराहे व मैन सड़क का भी रिनोवेशन करें तथा सरकारी कार्यालय की दीवारों पर सौंदर्यकरण के लिए थीम बेस्ट पेंटिंग कार्य भी 1 माह में पूर्ण करावें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 एवं 2.0 एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 की समीक्षा कर निर्देश दिए कि पात्रतानुसार लोगों को लाभान्वित कराने हेतु निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में सौन्दर्यकरण के लिए वाटर बॉडीज, पार्क एवं चौराहों के रिनोवेशन कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर रैंकिंग सुधार के लिए अनवरत प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्लीन ऑफिस - ग्रीन ऑफिस के अंतर्गत अपने-अपने कार्यालयों को मॉडल ऑफिसों के रूप में 31 मार्च तक विकसित करावें। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका एवं प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति सहित समस्त नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## मदर, हब एवं स्पोक लैब्स में अनियमितताओं के विरोध में लैब टेक्नीशियन संघ का प्रदर्शन, सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल राजस्थान लैबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ, अलवर द्वारा जिले में आउटसोर्स मोड पर संचालित मदर, हब एवं स्पोक लैब्स में चल रही कथित अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जिलाध्यक्ष मयंक शर्मा के नेतृत्व में दिया गया। संघ के अतिरिक्त जिला मंत्री मुखराम मीणा ने बताया कि जिले में संचालित मदर, हब एवं स्पोक लैब्स में निर्धारित मानकों के अनुसार लैब स्थापित नहीं की गई हैं तथा कई स्थानों पर लैब के स्थान पर केवल कलेक्शन सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर पर्याप्त स्टाफ एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था नहीं है। साथ ही सरकार के साथ हुए एमओयू का उल्लंघन करते हुए अप्रशिक्षित कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है। संघ के पदाधिकारी कुंज बिहारी शर्मा ने बताया कि काला कुआं सेटेलाइट अस्पताल स्थित मदर लैब में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। लैब रिपोर्ट समय पर उपलब्ध नहीं होने से अस्पतालों में मरीजों एवं स्टाफ के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लैब में पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं तथा कार्यरत कई टेक्नीशियन पंजीकृत एवं प्रशिक्षित नहीं हैं। यहां डीएमएलटी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों से



भी कार्य कराया जा रहा है। जिलाध्यक्ष मयंक शर्मा ने कहा कि अप्रशिक्षित स्टाफ से लैब कार्य कराना मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। संघ ने मांग की कि मदर, हब एवं स्पोक लैब्स की निगरानी के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सक्षम अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की जाए। ज्ञापन में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2010 ( C E A) की पालना सुनिश्चित करने, लैब्स में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति करने तथा कार्यरत टेक्नीशियनों के दस्तावेजों की जांच कराने की मांग भी की गई। इस दौरान ओमप्रकाश सैनी, ज्वाला सिंह राजपूत, सुनील दत्त शर्मा, कुंज बिहारी शर्मा सहित संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरस डेयरी चेयरमैन सांगवान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ खेड़ा मंगलसिंह दुग्ध उत्पादक समिति का बोनस वितरण कार्यक्रम

### सरस डेयरी द्वारा चलाई जा रही है दुग्ध उत्पादकों के लिए विभिन्न योजनाएं - नितिन सांगवान





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरस डेयरी की खेड़ा मंगलसिंह दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का बोनस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सांगवान का फूल माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। सांगवान ने समिति में दुग्ध देने वाले किसानों को नगद राशि और स्टील की टंकी बोनस के रूप में प्रदान की।

इस दौरान चेयरमैन सांगवान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अलवर जिले के किसानों को सरस डेयरी अन्य किसी दुग्ध डेयरी या निजी दुग्ध खरीदार से अधिक दूध कीमत दे रही है, जिसमें 83 रुपए सरस डेयरी और 5 रुपए राज्य सरकार के द्वारा प्रति लीटर का भुगतान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि सरस डेयरी के द्वारा दुग्ध उत्पादकों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं भी चलाई जा रही हैं जैसे सरस मायरा योजना जो किसान या महिलाएं लगातार 180 दिन एंव 300 लीटर दुग्ध सरस को दे रहे है उनकी दो बेटियों की शादी में 21000 की राशि मायरा के रूप में सरस द्वारा दी जाती है।

वही सरस डेयरी में दूध देने वाली महिलाओं के दो बेटियों के जन्म पर 5000 रुपये डेयरी और 500 रुपये परिजनों से लेकर 5500 रुपये का फिक्स डिपाजिट कराया जाता है बेटियों की उम्र 18 साल होने पर उनकी शिक्षा और शादी पर सहयोग के रूप में दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि जिस सचिव ने सरस के साथ काफी वर्षों से काम किया है उसकी आकस्मिक मृत्यु पर 1 लाख तथा एक्सीडेंटल मृत्यु पर 2 लाख रुपए दिए जाते थे जिसे हाल ही में हुई बोर्ड मीटिंग में बढाकर 5 लाख और 10 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा इसके अलावा सरकार के द्वारा बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनमे पशु बीमा योजना सहित विभिन्न प्रकार की योजनाएं शामिल हैं उन्होंने कहा कि सरस डेयरी सभी किसानों की डेयरी है हम आपके हितों के लिए इस पद पर बैठे हैं इसलिए सभी मिलकर सरस को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर समिति अध्यक्ष रतीराम, सचिव विश्वनाथ, डेयरी बोर्ड सदस्य शिवलाल मीणा, ग्राम पंचायत सरपंच प्रभु दयाल मीणा, भूतपूर्व सरपंच बाबूलाल समाजसेवी छोटेलाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## गौरी देवी महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

### विजेताओं को मिलेगा राजस्थान विधानसभा में बोलने का अवसर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान अध्यक्षता में गौरी देवी महाविद्यालय में शुक्रवार को माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारतीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 84 युवाओं ने आपातकाल के 50 साल और भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचारों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि युवा ही लोकतंत्र का भविष्य है। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम युवाओं में लोकतांत्रिक प्रणाली, संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को नीति निर्माण से सीधे जोड़ने का अवसर प्रदान करते है। इस दौरान जिला कलक्टर ने 10 नव युवा मतदाताओं का अभिनन्दन किया। सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन संगवान ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। युवा संसद का आयोजन निश्चित ही युवाओं में आत्मविश्वास का संचार करने एवं राष्ट्रीय मंच पर वैचारिक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मंजू यादव एवं जिला युवा अधिकारी पंकज यादव, वरिष्ठ संकाय सदस्य रचना आसोपा, सैफाली बारोतिया, कार्यक्रम अधिकारी गोविंद नैनीवाल ने



अतिथियों का प्लांट एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जज के रूप में गणेश मोहन शर्मा, डॉ. आंचल मीणा, डॉ. विजय लक्ष्मी भार्गव, डॉ. पूर्णिमा कौशिक, डॉ. अभिषेक पारीक शामिल रहे। उन्होंने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम में जिले के 18 से 25 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी भाषण में कहा कि आपातकाल की विभीषिका की सबसे बड़ी मार जनता को झेलनी पड़ी। संवैधानिक अधिकारों एवं मूल्यों को बचाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक और सजग रहने की आवश्यकता है।

### विजेता युवाओं को मिलेगा राज्य विधानसभा में विचार प्रस्तुत करने का मौका

माय भारत के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता पांच युवाओं को राजस्थान विधानसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। तत्पश्चात सर्वश्रेष्ठ विचार प्रस्तुत करने वाले तीन विजेताओं को देश की संसद के केंद्रीय सदन में विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा। भाषण प्रतियोगिता में युवराज प्रधान ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय, सांभवी मित्तल ने तृतीय, पलक तिवारी ने चतुर्थ, यतिका मीणा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया।

## एपस्टीन फाइल मामले को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में शुक्रवार को मिनी सचिवालय गेट पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान एपस्टीन फाइल से जुड़े कथित खुलासों के विरोध में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाले देहिक शोषण के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं रामगढ़ की पूर्व विधायक साफिया खान विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल से जुड़े मामलों में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ गंभीर अपराधों के आरोप सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अन्य देशों में ऐसे मामलों में संबंधित पदाधिकारियों ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफे दिए हैं, जबकि भारत में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ने बताया कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा एवं प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह चौधरी के निर्देशन में देशभर के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने काले वस्त्र धारण कर केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए केंद्रीय मंत्री से इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नरेंद्र मोदी शर्म करो, हरदीप पुरी इस्तीफा दो सहित विभिन्न नारे लगाए गए। कार्यक्रम में नीतू संजय सैनी, एडवोकेट शकुंतला सैनी, एडवोकेट रुकमणी सैनी, पूर्व पार्षद उर्मिला सैनी, सुनीता राजकुमार शर्मा, डॉ. राजकुमारी सुलानिया, रेखा चौधरी, मनीषा अंशुल सैनी, सीमा सैनी, बिना सैनी, मोहिनी कौर, भगवती सैनी, प्रेमबाई सैनी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बार-बेंच सौहार्द के रंगों से सराबोर हुआ न्यायालय परिसर

### जिला अभिभाषक संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

### होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारे और सकारात्मक संवाद को बढ़ाने का अवसर देता है - जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत भंडारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला अभिभाषक संघ अलवर द्वारा शुक्रवार को न्यायालय परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बार एवं बेंच के मध्य सौहार्द, सम्मान और सहयोग की भावना का जीवंत दृश्य देखने को मिला। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत भंडारी, जिला न्यायाधीश



वाणिज्यिक न्यायालय प्रदीप कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संख्या-1 धीरज शर्मा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संख्या -2 श्रीमति रिद्धिमा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमति अर्चना गुप्ता सहित विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशगण, संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत भंडारी ने की। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं हास्य प्रस्तुतियों ने न्यायालय परिसर को उत्साह और उल्लास से भर दिया। जिला न्यायाधीश वाणिज्यिक न्यायालय प्रदीप कुमार वर्मा ने 'गुरुदेव दया करना' की प्रस्तुति देकर आध्यात्मिक वातावरण बना दिया, वहीं अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संख्या-1 धीरज शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे बार-बेंच संबंधों को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। अधिवक्ता भगवान सहाय शर्मा की हास्य प्रस्तुति ने सभी को खूब गुदगुदाया। संघ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता हेमन्त कुमार 'जैमन' ने बार और बेंच के समन्वय पर आधारित कविता प्रस्तुत की, जिसे उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से सराहा। अधिवक्ता योगिता वशिष्ठ ने भी होली पर्व पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संघ के महासचिव अधिवक्ता रामकिशन गुर्जर ने किया। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष सुधीर यादव, पुस्तकालय सचिव सीमा मुखीजा, सदस्य अजय कौशिक, विशाल ढिल्लो, सहित अनेक अधिवक्तगण मौजूद रहे। अल्पाहार की व्यवस्था में कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा और संयुक्त सचिव जयश्री चौधरी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं एवं न्यायाधीशों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव और न्यायिक परंपराओं की गरिमा को मजबूत करने का संदेश दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत भंडारी ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारे और सकारात्मक संवाद को बढ़ाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था की मजबूती बार और बेंच के पारस्परिक विश्वास एवं सहयोग पर आधारित है तथा ऐसे आयोजन न्यायिक परिवार को और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा अलवर बार के अधिवक्ताओं की क्षमता अन्य जिलों के मुकाबले बेहतरीन है। बार नये अधिवक्ताओं के लिये न्यायालय की बारीकियों को सिखाने के लिए ट्रेनिंग कराये साथ अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैम्प आयोजित करें। होली मिलन समारोह अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के बीच समन्वय एवं सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम है-

**अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान**

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान ने कहा कि होली मिलन समारोह अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के बीच समन्वय एवं सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने अधिवक्ताओं से न्यायिक गरिमा बनाए रखते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। महासचिव रामकिशन गुर्जर ने आयोजन को अधिवक्ता परिवार की एकता और सामूहिक भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि संघ भविष्य में भी अधिवक्ताओं के हितों एवं सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने हेतु ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों ने अल्पाहार लेने के बाद एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ देते हुए न्यायालय परिसर में सौहार्द और सहयोग की भावना को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

## त्यौहारों पर यात्रियो की सुविधा हेतु बयाना-मथुरा व मथुरा-कोटा रेलसेवा का अलवर स्टेशन तक अस्थाई विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु गाडी संख्या बयाना-मथुरा व मथुरा-कोटा रेलसेवा का अलवर स्टेशन तक अस्थाई विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 69159, बयाना-अलवर प्रतिदिन रेलसेवा जो दिनांक 1.3.26 से 31.8.26 तक बयाना से प्रतिदिन 18.25 बजे रवाना होकर मथुरा स्टेशन पर 20.20 बजे आगमन व 20.25 बजे प्रस्थान 23.45 बजे अलवर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19110, अलवर-कोटा प्रतिदिन रेलसेवा जो दिनांक 2.3.26 से 1.09.26 तक अलवर से प्रतिदिन 1.00 बजे रवाना होकर मथुरा स्टेशन पर 4.00 बजे आगमन व 5.00 बजे प्रस्थान कर 13.20 बजे कोटा पहुँचेगी।

## होली को लेकर सीएलजी बैठक



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** होली, धुलंडी ,रंग तेरस व शीतला सप्तमी जैसे त्योहारों को लेकर थाने में सीएलजी बैठक का आयोजन थानाधिकारी स्वागत पांडे की अध्यक्षता में किया गया।होलिका दहन स्थल व शीतला सप्तमी के दिन मंदिरों पर पुलिस जाप्ता लगाए जाने पर चर्चा हुई। सीएलजी सदस्यों की ओर से कस्बे में तेज गति से बाइक चलाने वालों व मोडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।इस पर थानाधिकारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पिछले दो माह में 30 कार्रवाई की गई हैं और आगे भी प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।थानाधिकारी पांडे ने तेजाजी चौक से बूंदी रोड पर पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नगरपालिका के सहयोग से वाहनों की पार्किंग के लिए लाइनिंग करवाए जाने की बात कही।साथ ही चोरियों की रोकथाम के लिए कस्बे के प्रमुख स्थलों पर जन सहयोग से सीसी टीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता भी जताई।

## सीबीइओ ऑफिस में रोटरी जल मन्दिर का उद्घाटन




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रोटरी क्लब की ओर से सुखलाल बिदामी देवी जैसनसरिया परिवार के सौजन्य से रोटरी जल मन्दिर बनवाया गया। जल का उद्घाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा व सुरेन्द जैसनसरिया ने किया। कार्यक्रम में एसीबीईओ बाबूलाल शर्मा, रोटरी अध्यक्ष गणेश जैसनसरिया, सचिव विश्वेन्द्रसिंह, प्रसन्न लुणिया, डॉ किशोरसिंह, विकास लखोटिया, राजकुमार खटोड, देवकीनंदन अग्रवाल, नितेश जैसनसरिया, मोहम्मद करीम, रोहिताश मीणा, रमेश सारण, अशोक जोशी, भंवरलाल प्रजापत आदि उपस्थित रहें। जल मन्दिर का शुभारम्भ वैदिक पूजन पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालक राजकुमार तिवाड़ी व अंकुर जैसनसरिया ने किया।

## 2 मार्च को जलेगी होलिका, भद्रा मुख त्यागकर प्रदोष में शुभ मुहूर्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार को किया जाएगा। शास्त्रों के नियमों के अनुसार भद्रा रहित प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन का विधान है। पंडित सुरेश गौड़ ने बताया कि 2 मार्च को प्रदोष व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा है, लेकिन इस दिन भद्रा सायं 5:56 बजे से तड़के 5:29 बजे तक रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोधूली वेला में भद्रा होने के बावजूद शास्त्रों में उल्लेख है कि यदि भद्रा निशीथ काल के आगे तक रहे तो भद्रा का मुख त्यागकर होलिका दहन किया जा सकता है। इसी आधार पर 2 मार्च को सायं 6:36 बजे से रात 9:00 बजे के मध्य होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत और शुभ रहेगा। पंडित गौड़ ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 3 मार्च को सूर्यास्त से पूर्व सायं 5:08 बजे समाप्त हो जाएगी। 3 मार्च को ही धुलंडी (रंगोत्सव) मनाई जाएगी। इसी दिन पश्चिमी राजस्थान में ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण भी रहेगा, जिसकी अवधि लगभग 2 मिनट की अत्यंत अल्प होगी। अल्पकालिक होने के कारण जोधपुर संभाग में इसका सूतक मान्य नहीं रहेगा, जबकि राजस्थान के अन्य भागों सहित देश के कई क्षेत्रों में ग्रहण दिखाई देगा। श्रद्धालुओं से निर्धारित शुभ मुहूर्त में ही होलिका दहन करने की अपील की गई है।

## त्योहारों से पहले कानून व्यवस्था पर फोकस, कलेक्टर-एसपी ने ली जिला स्तरीय सीएलजी बैठक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निस)।** आगामी मार्च-अप्रैल माह में होने वाले विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमजन एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा संभावित चुनौतियों से निपटने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। कलेक्टर ने सीएलजी सदस्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आमजन की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीएलजी सदस्य आमजन और पुलिस के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग आवश्यक है।

# जयपुर में एसीबी ने भू अभिलेख निरीक्षक को 380000 की रिश्वत लेते पकड़ा

### खुद के लिए 1 लाख और एसडीएम के लिए 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगने की बात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने शुक्रवार को राजधानी जयपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जयपुर पश्चिम इलाके में कार्यरत भू अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को



380000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद संबंधित एसडीएम ऑफिस में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई । क्योंकि गिरफ्तार अभियुक्त भू अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार ने परिवादी से इस रिश्वत की रकम में खुद के लिए 100000 और एसडीएम के लिए 3 लाख रुपए मांगे थे। शुरू में गिरफ्तार अभियुक्त अनिल कुमार ने 5 लाख रुपए परिवादी से पुश्तैनी जमीन के बटवारा परिसीमन के लिए मांगे थे बाद में यह सौदा चार लाख रुपए में तय हुआ जिसमें परिवादी ने खुद के लिए रुपए और एसडीएम के लिए 3 लाख रुपए मांगने की बात परिवादी से कही थी अब एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है और आरोपी ने परिवादी से इस सौदेबाजी में जिन अधिकारियों के नाम लिए हैं उनकी भूमिका की भी जांच पड़ताल की जाएगी फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त अनिल कुमार के अन्य ठिकानों पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो का सर्च अभियान जारी है तथा अनिल कुमार के दफ्तर से दस्तावेज फाइल पत्रावलियां डिजिटल डाटा अन्य सभी जरूरी कागज बरामद किए गए हैं। जिनकी जांच पड़ताल जारी है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त भू अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार है जो जयपुर पश्चिम इलाके में कार्यरत है जिसने परिवादी से पुश्तैनी जमीन का बंटवारा और परिसीमन करने के बदले पहले 5 लख रुपए की रिश्वत मांगी थी और फिर बाद में यह सौदा चार लाख रुपए में निश्चित हुआ जिसमें परिवादी ने खुद के लिए 1 लाख और एसडीएम के लिए 400000 रुपए रिश्वत लेने की बात कही थी । परिवादी ने गिरफ्तार अभियुक्त अनिल कुमार के बारे में एंटी करप्शन ब्यूरो में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज करवाई एंटी करप्शन ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसने शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी अनिल कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी अनिल कुमार को रिश्वत के तीन लाख 80 हजार रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ अनिल कुमार को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया जानकारी के अनुसार आरोपी अनिल कुमार परिवार से रिश्वत की राशि में शुरू में 20000 रुपए पहले ही एडवांस के तौर पर ले लिए थे।

## रेलवे में 5,000 से अधिक पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में भर्ती किया जाएगा

### रेलवे ने 2024-25 की रिक्ति अधिसूचनाओं में पूर्व सैनिकों के लिए 14,788 पद आरक्षित किए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** संस्थागत सहयोग को गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय रेलवे और भारतीय सेना ने नागरिक जीवन में संक्रमण कर रहे अग्निवीरों और सेवारत सेना कर्मियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद रोजगार के अवसरों का विस्तार करने के उद्देश्य से एक 'सहयोग ढांचा' शुरू किया है।सेना और रेल मंत्रालय के वरिष्ठ नेतृत्व के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सैन्य करियर से नागरिक करियर में सुगम बदलाव सुनिश्चित करना है। इससे रेलवे में रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और सेवानिवृत्त कर्मियों की सहायता के लिए एक समर्पित सहायता प्रणाली का निर्माण होगा। यह सहयोगात्मक ढांचा पूर्व सैनिकों को सार्थक द्वितीय-करियर मार्ग प्रदान करने और व्यापक राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों का समर्थन करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जानकारी के अनुसार इंडियन रेलवे में लेवल-2/ऊपर के पदों में 10 प्रतिशत और लेवल-1 के पदों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, लेवल-2/ऊपर के पदों में 5 प्रतिशत और लेवल-1 के पदों में 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित किया गया है। वर्ष 2024 और 2025 में, रेलवे की रिक्तियों की अधिसूचनाओं में पूर्व सैनिकों के लिए कुल 14,788 पद आरक्षित किए गए थे, जिनमें शामिल हैंलेवल-1 में 6,485 पद,लेवल-2/उससे ऊपर के 8,303 पद,लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप डी) और लेवल-2/ऊपर के पदों पर भर्ती क्रमशः रेलवे भर्ती केंद्रों (आरआरसी) और रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं द्वारा की जाती है। जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिकों की त्वरित भर्ती को बढ़ावा देने और रिक्त पदों को भरने के लिए, रेल मंत्रालय ने नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक भारतीय रेलवे में संविदा आधार पर पूर्व सैनिकों को 'पॉइंट्समैन' के रूप में भर्ती करने का निर्णय लिया है।वर्तमान में जोनल और मंडल स्तर पर 5,000 से अधिक लेवल-1 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अब तक, 9 मंडलों ने पॉइंट्समैन की भर्ती के लिए संबंधित सेना संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सहयोगात्मक ढांचा सेना भर्ती संगठनों से इन पदों को शीघ्रता से भरने के लिए रेलवे मंडलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान करता है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे पर रिकार्ड 273 ट्रिप नई स्पेशल ट्रेनों का संचालन तथा 53 नियमित ट्रेनों में 141 अतिरिक्त डिब्बें जोड़े गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। होली पर्व पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 35 स्पेशल ट्रेनों के 273 ट्रिप संचालन तथा 30 स्पेशल ट्रेनों के 216 ट्रिप संचालन की अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे द्वारा होली पर्व के अवसर पर विभिन्न मार्गों पर यात्री भार की समीक्षा कर यात्रियों को सुगम रेल यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्राधिकार में होली के लिए 35 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है जो कि विभिन्न गंतव्यों गोरखपुर, समस्तीपुर, योगनगरी ऋषिकेश, अमृतसर, मैसूरू, काकिनाडा, गोमतीनगर, भावनगर टर्मिनस, हावडा, चर्लपल्ली, तिरूपति, मऊ, साबरमती इत्तादि के लिए संचालित की जा रही है। इसके साथ ही 30 स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है जो कि उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार से साई नगर शिर्डी, खडकी, वलसाड, बान्द्रा टर्मिनस, दौंड, सोलापुर संतरागांछी, कोयम्बटूर, मुम्बई सेन्ट्रल के लिए संचालित की जा रही है। अतिरिक्त यात्रा को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 53 नियमित ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के 141 अतिरिक्त डिब्बें जोड़े गए है। रेलवे द्वारा विभिन्न स्तरों पर अतिरिक्त यात्री भार की समीक्षा की जाती है तथा आवश्यकतानुसार स्पेशल ट्रेनों का संचालन एवं अतिरिक्त डिब्बें जोड़ने का प्रावधान किया जाता है। होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता तथा अनाधिकृत यात्रा रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष अभियान चलाए जा रहे है। ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायम यात्रा सुविधा प्रदान की जा सके। रेलवे द्वारा होली के पर्व पर संचालित ट्रेनों की जानकारी रेलवे की वेबसाइट, रेलवन ऐप, एनटीईएस ऐप, अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आम नागरिकों से अपील है कि ट्रेन के ऊपर रंग, गुब्बारे या किसी भी प्रकार की वस्तु नहीं फेंके, इससे रेल संचालन प्रभावित होने के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

यात्रियों से अपील है कि उचित टिकट लेकर यात्रा करे तथा स्टेशन और ट्रेन में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत रेलवे सुरक्षा बल, टीटीई को देवे या रेलवन ऐप/139 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## गुलाबी नगर में न्यू सांगानेर रोड पर चलती रोडवेज की बस में भीषण आग लगी, स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को नीचे उतारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में न्यू सांगानेर रोड पर मानसरोवर क्षेत्र में रोडवेज की एक चलती हुई बस में भीषण आग लग गई बस में करीब 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। गनीमत यह रही की इलाके में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन चल रहा था इसलिए सम्मेलन में मौजूद लोगों ने और स्थानीय नागरिकों ने जब रोड पर चलती हुई बस में आग की ऊंची लपट उठती देखकर उन्होंने तुरंत बस के चालक को इशारा करके बताया। इसके बाद बस के चालक ने तुरंत ही बस को सड़क के किनारे खड़ी किया इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बस में सवार यात्रियों को बस की खिड़की, दरवाजे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसलिए इस आगजनी में जनहानि तो नहीं हुई है लेकिन कुछ ही देर में आग विकराल रूप धारण कर लिया था जिसकी वजह से बस जल कर पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किया लेकिन तब तक बस पूरी तरह से आग से जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी आग किस वजह से लगी इसका खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया है रोडवेज प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं यह आगजनी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुई या फिर इस हादसे का और कोई कारण है इसके बारे में रोडवेज प्रशासन भी अपने स्तर पर जांच करवाएगी।लेकिन बड़ी बात यह है कि रोडवेज में करीब 30 से ज्यादा यात्री सवार थे इसलिए समय रहते अगर वहां मौजूद लोगों ने रोडवेज के चालक को रोडवेज में लगी हुई आग के बारे में नहीं बताया होता तो यहां पर बड़ी जनहानि भी हो सकती थी । लेकिन इस मामले में स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों ने भी काफी सराहनीय कार्य किया और तत्काल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग तुरंत जलती हुई बस के पास पहुंचे और तुरंत बस में फंसे यात्रियों को मुश्किल से बस की खिड़की से और दरवाजे के माध्यम से बाहर निकाल बस के चालक और परिचालक भी तुरंत बस से नीचे उतर गए बस में सवार यात्री इस हादसे से काफी देर तक खुद को मौके पर असहज महसूस कर रहे थे उनके चेहरे पर काफी देर तक घबराहट की लकीरें भी देखी गई हालांकि बस में सवारी यात्रियों ने स्थानीय लोगों का जान बचाने के लिए आभार प्रकट किया जानकार लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत रही की चलती हुई रोडवेज की इस बस में आगजनी की घटना जयपुर में हुई इसलिए बस में फंसे यात्रियों को बचाने के लिए बड़ी संख्या में लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए अन्यथा अगर यह आगजनी की घटना सुनसान इलाके में होती तो शायद शुक्रवार को रोडवेज का यह बस हादसा प्रदेश के इतिहास में एक बहुत बुरी और दर्दनाक खबर साबित होती।

## निजी बस और ट्रेलर की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत, कई लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जोधपुर पचपदरा रोड पर बालोतरा के पास शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत होने की सूचना मिली है तथा इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं जिन्हें जोधपुर और पचपदरा के अस्पताल में भर्ती करवाने की बात कहीं जा रही है यह भीषण हादसा निजी बस और ट्रेलर के बीच आपस में हुई भिड़ंत से हुआ है। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक घटना स्थल से फरार बताया गया है फिलहाल सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं पुलिस की प्रथम प्राथमिकता इस हादसे में घायल हुए लोगों की जान बचाना है इसलिए पुलिस घायलों को जरूरी उपचार दिलाने की कोशिश में जुटी हुई है जानकारी के अनुसार इसी इलाके में करीब साल भर पहले एक भीषण सड़क हादसा हुआ था जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी । बालोतरा स्थित सरकारी अस्पताल के सामने मौजूद पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने कहा है कि इस तरह के हादसे के लिए निजी बस संचालक पूरी तरह से जिम्मेदार हैं निजी बस संचालक नियम और कायदों की धज्जियां उड़ा कर बस का संचालन कर रहे हैं और फिर लापरवाही की वजह से इस तरह के भीषण हादसे हो रहे हैं उन्होंने कहा कि इलाके में लगातार भीषण दुर्घटनाएं हो रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में निजी बस वाले जल्दी बाजी करते हैं और ओवरटेक करने के फिराक में रहते हैं जिसकी वजह से इस तरह की सड़क दुर्घटनाएं होती है जिनमें निर्देश लोगों की जान चली जाती है । जानकारी के अनुसार पचपदरा जोधपुर सड़क मार्ग पर निजी बस पचपदरा से जोधपुर की ओर आ रही थी तभी भारतमाला एक्सप्रेस हाईवे से टैंकर नीचे उतर रहा था इसी दौरान बस और ट्रेलर के बीच आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें बस का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार आधा दर्जन से ज्यादा यात्री मौत की नींद सो गए जानकारी के अनुसार इस हादसे में बस में सवार कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर ले जाया गया है ।

# जमवारामगढ़ में जमवाय माता मंदिर के पास पैंथर से लोगों में दहशत, हिंडौन सिटी में भी 3 घंटे से गोदाम में छुपा रहा पैंथर

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के नजदीक जमवारामगढ़ इलाके में प्रसिद्ध जमवाय माता मंदिर के पास एक पैंथर के दिखाई देने के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई है जानकारी के अनुसार मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में मंदिर की पिछली दीवार के पास बैठा दिखाई दिया है इसके बाद मंदिर प्रशासन से जुड़े लोगों ने वन विभाग और पुलिस को पैंथर के बारे में जानकारी दी है सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और पैंथर की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार पैंथर का मूवमेंट बना हुआ है जिसकी वजह से लोग काफी चिंता में हैं क्योंकि खेत में खड़ी फसल की रखवाली के लिए क्षेत्र के लोग इन दोनों खेत पर ज्यादा रहते हैं जिसमें महिलाएं




और बच्चे भी खेत पर मौजूद रहते हैं ऐसे में पैंथर की आहट से स्थानीय लोग काफी चिंता में है इसी तरह से प्रदेश के करौली जिले में हिंडौन सिटी में भाईलापुरा में एक गोदाम में पैंथर के छुपे होने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं जिला पुलिस अधीक्षक लोकेशन और वन विभाग के अधिकारी सुमित कुमार भी वकायदा मौके पर पहुंचे हैं और गोदाम में छुपे हुए पैंथर को पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए जानकारी के अनुसार यह पैंथर करीब 3 घंटे तक गोदाम में छुपा कर बैठा रहा जिसकी वजह से गोदाम का संचालन कर रहे लोगों और कर्मचारियों में घबराहट बनी रही हालांकि पैंथर ने किसी पर हमला तो नहीं बोला लेकिन वह गोदाम में जाकर छुप गया जिसकी वजह से गोदाम से जुड़े लोगों में घबराहट बनी हुई है हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर मौजूद हैं और पैंथर को जिंदा पकड़ने के प्रयास किया जा रहेहैं उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में कई जगहों पर रोजाना पैंथर के मूवमेंट से लोग काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं कई जगहों पर पैंथर ने हमला भी बोला है जिसकी वजह से पैंथर के हमले से घायल लोग विभिन्न अस्पतालों में उपचार भी करवा रहे हैं हालांकि सूचना मिलने के बाद वन विभाग जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर भी पहुंचते हैं पैंथर को पकड़ा भी जाता है कई बार पैंथर इलाके में घूम फिर कर वापस जंगल में चला जाता है और फिर वापस अपनी नजदीकी आवासीय बस्तियों में अपनी भूख और प्यास मिटाने के लिए आ जाता है इस तरह का सिलसिला प्रदेश में कई जगहों पर लगातार देखने को मिल रहा है इसलिए इस तरह के मामले राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में भी विधायकों ने सदन में उठाया है और वन विभाग के मंत्री संजय शर्मा ने भी इस तरह के मामलों पर चिंता जताते भी है जंगली जानवरों के हमले से मौत का शिकार होने वाले लोगों की मुआवजा राशि को बढ़ाने के भी संकेत दिए हैं इसके अलावा वन्य जीवों से आमजन और पालतू पशुओं को बचाने के लिए विशेष प्रबंध भी वन विभाग की ओर से किया जा रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ महीनो से इस बार पैंथर का मूवमेंट प्रदेश में अन्य सालों की तुलना में ज्यादा नजर आ रहा है जो प्रदेश के लोगों के लिए चिंता का बड़ा कारण बना हुआ है

## सम्पादकीय

### 80 लाख आपत्तियां, आधार पर बहस और अदालत की



लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता का मूल आधार पारदर्शिता और निष्पक्षता पर टिका होता है। पात्र मतदाता ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी होता है। इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, मगर इसमें कई तरह की आशंकाएं और चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को लेकर कई मौकों पर निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को आमने-सामने देखा गया है। सवाल और आरोप वही हैं कि राज्य में इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण किया जा रहा है। पहले नागरिकता प्रमाण पत्रों को लेकर विवाद उठा, फिर बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के बोझ का मुद्दा सुर्खियों में आया और अब तार्किक विसंगतियों से संबंधित दावों और आपत्तियों के पारदर्शी तरीके से समय पर निपटारे का मसला सामने आया है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस कार्य में सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया था और अब राज्य के दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती तथा पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओड़ीशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति भी दे दी है।गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल नहीं करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। मगर पश्चिम बंगाल में आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग की आशंकाएं अभी भी बरकरार हैं। शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही कहा कि चूंकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन से आधार को पहचान प्रमाण के रूप में शामिल किया गया था, इसलिए इसे स्वीकार करना होगा। दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार का दावा था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत राज्य में तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और अब करीब अस्सी लाख दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाना है, जिसमें निष्पक्षता बेहद जरूरी है। इसी के मद्देनजर सर्वोच्च अदालत ने इस कार्य में मदद के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया है। सवाल है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में शीर्ष अदालत को बार-बार दखल क्यों देना पड़ रहा है



## कहानी

### अर्जुन का भाव

बालमित्रो, अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण के निससिम भक्त थे । महाभारत युद्ध के बाद भगवान् श्रीकृष्ण और अर्जुन द्वारिका जा रहे थे, तबरथ अर्जुन चलाकर ले गए । द्वारका पहुंचकर अर्जुन बहुत थक गए थे, इसलिए विश्राम करने अतिथि भवन में चले गए ।

संध्या के समय भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी रुक्मिणीजी ने श्रीकृष्णजी को भोजन परोसा । तब वे रुक्मिणीजी से बोले, अर्जुन हमारे अतिथि हैं, जब तक वह भोजन नहीं करते, तब तक मैं अर्जुन के बिना भोजन कैसे कर सकता हूं ।

रूक्मिणीजी ने कहा, 'भगवन् आप भोजन आरंभ कीजिए, मैं अर्जुन को अभी बुलाकर लिए आती हूं ।

रूक्मिणीजी जब अतिथिकक्ष में पहुंची तो वहां अर्जुन गहरी नींद में सो रहे थे । रुक्मिणीजी ने देखा कि अर्जुन गहरी नींद में सो रहे थे, तब भी वहां श्रीकृष्ण के नाम की ध्वनि गूंज रही थी । रुक्मिणीजी को बहुत आश्चर्य हुआ, तब उन्होंने देखा कि सोए हुए अर्जुन के रोम-रोम से श्रीकृष्ण नाम की ध्वनि निकल रही है । यह देख रूक्मिणी अर्जुन को जगाना भूलकर आनंद में डूब गईं और धीमे-धीमे ताली बजाने लगीं । उसी समय प्रभु के दर्शन के लिए नारदजी द्वार का पहुंचे । उन्होंने देखा प्रभु के सामने भोग की थाली रखी है और वह प्रतीक्षा में बैठे हैं । नारदजी ने श्रीकृष्ण से कहा, 'भगवन् भोग ठण्डा हो रहा है, इसे ग्रहण क्यों नहीं करते ।' श्रीकृष्ण बोले, 'नारदजी, बिना अतिथि को भोजन कराए कैसे ग्रहण करूं । नारदजी ने सोचा कि प्रभु को अतिथि की प्रतीक्षा में विलंब हो रहा है । इसलिए बोले, प्रभु मैं स्वयं बुला लाता हूं आपके अतिथि को ।' नारदजी अतिथि भवन की ओर चल पडे । वहां पहुंचकर देखा तो अर्जुन सो रहे हैं । उनके रोम- रोम से श्रीकृष्ण नाम की ध्वनि सुनकर देवी रुक्मिणी आनंद विभोर होकर ताली बजा रही थी । प्रभुनाम के रस में विभोर नारदजी ने वीणा बजानी शुरू कर दी । उसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की रानी सत्यभामाजी प्रभु के पास पहुंची । उन्होंने देखा कि प्रभु तो प्रतीक्षा में बैठे हैं । सत्यभामाजी ने कहा, 'प्रभु भोग ठण्डा हो रहा है प्रारंभ तो कीजिए । भगवान् ने फिर से वही बात कही, 'हम अतिथि के बिना भोजन नहीं कर सकते ।' अब सत्यभामाजी अतिथि को बुलाने के लिए चलीं । वहां पहुंचकर सोए हुए अर्जुन के रोम-रोम द्वारा किए जा रहे श्रीकृष्ण नाम के कीर्तन, रूक्मिणीजी की ताली, नारदजी की वीणा सुनी तो वह भी भूल गईं कि आखिर किस लिए आई थीं । सत्यभामाजी ने तो आनंद में भरकर नाचना शुरू कर दिया । प्रभु प्रतीक्षा ही करते रहे । जो जाता था वह लौट कर ही नहीं आता था । प्रभु को अर्जुन की चिंता हुई सो वह स्वयं चले । प्रभु अतिथि भवन में पहुंचे, तो देखा कि स्वरलहरी चल रही है । अर्जुन निद्रावस्था में कीर्तन कर रहे हैं, रूक्मिणी जाग्रत अवस्था में उनका साथ दे रही हैं, नारद जी ने संगीत छेडा है तो सत्यभामा नृत्यकर रही हैं ।

यह देखकर भगवान की आंखे भर गई । वे अर्जुन के चरणों के पास बैठ गए । प्रभु के आंखों से प्रेम भरी कुछ बूंदें अर्जुन के चरणों पर पडी तो अर्जुन छटपटा कर उठ बैठे । घबराए अर्जुन ने पूछा, 'प्रभु यह क्या हो रहा है ' भगवान् बोले, 'अर्जुन तुमने मुझे रोम-रोम में बसा रखा है इसीलिए तो तुम मुझे सबसे अधिक प्रिय हो । गोविन्द ने अर्जुन को गले से लगा लिया ।

# गठबंधन को लेकर बेपरवाह कांग्रेस

*भाजपा को हराने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले दो दर्जन विपक्षी दलों को जोड़कर आइएनडीआइए बनाया गया था। दो बार पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद भाजपा का 240 सीटों पर ठहरने को इस मोर्चे की एक सफलता के रूप में देखा गया, लेकिन लोकसभा चुनाव बाद गठबंधन के पक्ष में कुछ खास घटित होता नहीं दिख रहा। उनके बीच लगातार उजागर दरारें बताती हैं कि दलों में दोस्ती के बावजूद दिलों में दूरियां बरकरार हैं। सफलताओं की बात करें तो झारखंड और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत तो हासिल हुई, लेकिन वहां कांग्रेस हाशिए पर ही है। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में उसके हिस्से हार ही आई। इसमें महाराष्ट्र और बिहार की हार को शर्मनाक कहना कहीं अधिक उचित होगा। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में तो गठबंधन की गांठें पूरी तरह बिखरती दिखीं। इस साल चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, पर गठबंधन के तौर पर आइएनडीआइए में सक्रियता तो दूर, कहीं कोई सुगबुगाहट भी नहीं। एसआइआर पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ही चुनाव आयोग से दो-दो हाथ करती नजर आती हैं। तमिलनाडु में भी चुनाव आयोग से लेकर भाजपा तक के विरुद्ध मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक ही मोर्चा खोले है। बंगाल में ममता एकला चलो की राह पर हैं।*



शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर की टिप्पणियों से विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए की दरारें उजागर हुई ही थीं कि एआइ सम्मेलन में युवा कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन से कांग्रेस की दिशाहीनता भी बेनकाब हो गई। लगता नहीं कि कांग्रेस को देश या विपक्षी एकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का कोई अहसास है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की लगातार तीसरी निराशाजनक हार के बावजूद अन्य विपक्षी दलों ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार कर उदारता ही दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कभी अन्य दलों को संसद के अंदर या बाहर साथ लेकर चलने की परिपक्वता नहीं दिखाई। राहुल गांधी अपेक्षा करते हैं कि वे जो भी रणनीति तय कर लें, संसद के अंदर-बाहर अन्य दलों को उनका श्रद्धापूर्वक अनुसरण करना चाहिए।


भाजपा को हराने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले दो दर्जन विपक्षी दलों को जोड़कर आइएनडीआइए बनाया गया था। दो बार पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद भाजपा का 240 सीटों पर ठहरने को इस मोर्चे की एक सफलता के रूप में देखा गया, लेकिन लोकसभा चुनाव बाद गठबंधन के पक्ष में कुछ खास घटित होता नहीं दिख रहा। उनके बीच लगातार उजागर दरारें बताती हैं कि दलों में दोस्ती के बावजूद दिलों में दूरियां बरकरार हैं।

सफलताओं की बात करें तो झारखंड और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत तो हासिल हुई, लेकिन वहां कांग्रेस हाशिए पर ही है। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में उसके हिस्से हार ही आई। इसमें महाराष्ट्र और बिहार की हार को शर्मनाक कहना कहीं अधिक उचित होगा। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में तो गठबंधन की गांठें पूरी तरह बिखरती दिखीं। इस साल चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, पर गठबंधन के तौर पर आइएनडीआइए में सक्रियता तो दूर, कहीं कोई सुगबुगाहट भी नहीं। एसआइआर पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ही चुनाव आयोग से दो-दो हाथ करती नजर आती हैं। तमिलनाडु में भी चुनाव आयोग से लेकर भाजपा तक के विरुद्ध मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक ही मोर्चा खोले है। बंगाल में ममता एकला चलो की राह पर हैं। पिछली बार वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस इस बार अकेले चुनावी जोर आजमाइश के मूड में है। केरल में तो मुख्य चुनावी मुकाबला सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेसनीत यूडीएफ के बीच ही होता है। इसलिए राज्य की राजनीति में तो परस्पर समन्वय की गुंजाइश नहीं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक ही गठबंधन के सदस्य होने के नाते तमाम राजनीतिक मुद्दों पर तो आइएनडीआइए को एक सुर में बोलना चाहिए। तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस के बीच पुराना गठबंधन है, लेकिन वहां भी दरारें इस हद तक हैं कि मणिक्कम टैगोर और प्रवीण चक्रवर्ती सरीखे कांग्रेस के दूसरी पंक्ति के नेता द्रमुक पर निशाना साध रहे। नतीजतन द्रमुक को उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। तमाम अटकलों के बाद अब द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव तो 2027 में होने हैं, लेकिन वहां जारी एसआइआर को लेकर कांग्रेस की अनुपस्थिति उसके समाजवादी पार्टी से रिश्तों में खिंचाव का भी संकेत है। 'सामना' के संपादकीय 'अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन' में कांग्रेस से सवाल पूछा गया है-ममता, स्टालिन या कोई और? संपादकीय में गठबंधन को जागने और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बातचीत करने की नसीहत देते हुए मणिशंकर अय्यर, संजय बारू और भूपेन बोरा आदि की टिप्पणियों को अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन करार दिया गया है। बारू ने आइएनडीआइए का नेतृत्व ममता बनर्जी को देने का सुझाव दिया है तो अरसे तक नेहरू-गांधी परिवार के करीबी समझे गए अय्यर की टिप्पणियां राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल के रूप में देखी जा रही हैं। जिस एकमात्र राज्य केरल में कांग्रेस की जीत की संभावना है, वहां भी अय्यर ने लगातार तीसरी बार वाम मोर्चा की ही जीत की भविष्यवाणी करते हुए मुख्यमंत्री विजयन की प्रशंसा की है। आइएनडीआइए के नेतृत्व के लिए वे स्टालिन को बेहतर मानते हैं। पार्टी से कोई संबंध न होने के आधार पर उनकी टिप्पणी को निजी राय बताकर कांग्रेस ने अय्यर से पल्ला झाड़ना चाहा है, पर राजनीतिक गलियारों से लेकर केरल-तमिलनाडु तक चर्चा थमी नहीं है। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद भले ही शशि थरूर के स्वर बदल गए हों, पर उससे पहले की तल्खियां सबने देखी हैं। असम के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा तो राहुल गांधी से बातचीत के बाद भी इस्तीफा वापस लेने के फैसले से पलट गए और हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा घोषित तारीख पर भाजपा में शामिल भी हो गए।]

# इंसेफ्लाइटिस पर निर्णायक विजय

*ऊपर से पूरी तरह से जर्जर स्वास्थ्य ढांचे ने हालात को काफी गंभीर बना दिया था। राज्य में तब बच्चों के लिए आईसीयू का अभाव, कमजोर लैब सुविधाएं, अपर्याप्त एंबुलेंस सेवाएं आम बात थीं। यही कारण था कि 2017 तक 28 जिले लगातार संक्रमित रहे और इंसेफ्लाइटिस राज्य की विफलता का प्रतीक बन गया। इसी पृष्ठभूमि में 2017 के चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णायक कार्वाई का वादा किया। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालते ही इंसेफ्लाइटिस उन्मूलन प्राथमिकता बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इसे मिशन मोड पर लिया गया। चुनौती केवल बीमारी से लड़ने की नहीं थी, बल्कि भरोसेमंद स्वास्थ्य ढांचा खड़ा करने की भी थी। इसके बाद जो हुआ वह किसी बिखरे हुए हस्तक्षेप या संकट-प्रतिक्रिया तंत्र तक सीमित नहीं था, बल्कि केंद्र की सतत निगरानी, संसाधन आवंटन,*


एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के खिलाफ उत्तर प्रदेश की सफलता हाल के समय की सबसे उल्लेखनीय जनस्वास्थ्य उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कठोर क्रियान्वयन क्षमता ने राज्य को 2017 में 5,400 से अधिक मामलों और 650 से अधिक मौतों से 2024 में मामलों में तीव्र गिरावट और शून्य मृत्यु तक पहुंचा दिया। यह एक ऐसी सफलता है जो कभी भारत के सबसे खराब स्वास्थ्य सूचकांकों से जकड़े राज्य के खाते में गई है। चार दशकों तक इंसेफ्लाइटिस ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रखा था। गोरखपुर इसका केंद्र रहा, जबकि कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर और बस्ती जैसे जिले इसकी चपेट में रहे। यह बीमारी बच्चों और युवाओं को अचानक तेज बुखार और मानसिक भ्रम के साथ जकड़ लेती थी, जो अक्सर मौत का कारण बन जाती थी। जो बच जाते, वे जीवनभर न्यूरोलाजिकल और शारीरिक अक्षमता से पीड़ित रहते। वर्ष 2017 तक इस बीमारी ने लगभग 50 हजार जानें ले लीं, जिनमें अधिकांश बच्चे थे। यह आंकड़ा न केवल चिकित्सा विफलता, बल्कि दशकों की प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का प्रतीक था। दूषित पानी, कुपोषण, गंदगी और अस्वच्छ जीवन स्थितियों ने संक्रमण को बढ़ावा दिया, ऊपर से पूरी तरह से जर्जर स्वास्थ्य ढांचे ने हालात को काफी गंभीर बना दिया था। राज्य में तब बच्चों के लिए आईसीयू का अभाव, कमजोर लैब सुविधाएं, अपर्याप्त एंबुलेंस सेवाएं आम बात थीं। यही कारण था कि 2017 तक 28 जिले लगातार संक्रमित रहे और इंसेफ्लाइटिस राज्य की विफलता का प्रतीक बन गया। इसी पृष्ठभूमि में 2017 के चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णायक कार्रवाई का वादा किया। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालते ही इंसेफ्लाइटिस उन्मूलन




प्राथमिकता बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इसे मिशन मोड पर लिया गया। चुनौती केवल बीमारी से लड़ने की नहीं थी, बल्कि भरोसेमंद स्वास्थ्य ढांचा खड़ा करने की भी थी। इसके बाद जो हुआ वह किसी बिखरे हुए हस्तक्षेप या संकट-प्रतिक्रिया तंत्र तक सीमित नहीं था, बल्कि केंद्र की सतत निगरानी, संसाधन आवंटन, विभागीय समन्वय और रणनीतिक नेतृत्व पर आधारित एक व्यापक और व्यवस्थित सुधार कार्यक्रम था। सात विभागों को जोड़कर समग्र योजना बनी। वर्ष 2019 में गोरखपुर में एम्स की स्थापना, आइसीएमआर की भूमिका मजबूत हुई। सक्रिय सर्वेक्षण से इंसेफ्लाइटिस के कारणों और जोखिमों की पहचान हुई, लैब अपग्रेड हुए, डायग्नोस्टिक किट विकसित हुईं। बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर को उन्नत किया गया, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर बने, एंबुलेंस सेवाएं शुरू हुईं। बुखार-ट्रैकिंग सिस्टम ने इंसेफ्लाइटिस की शुरुआती पहचान को संभव बनाया। व्यापक टीकाकरण अभियान ने जेई वायरस के प्रसार को रोका। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कालेज में बाल पुनर्वास केंद्र स्थापित हुआ, जिससे दिव्यांग बच्चों को दीर्घकालिक देखभाल मिली। अस्पतालों से परे असली सफलता जीवन स्तर और स्वच्छता सुधार से मिली। पूर्वी उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाएं सटीकता से लागू हुईं। जैसे स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बने, जल जीवन मिशन से नल से जल कनेक्शन दिया गया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संक्रामक रोग अभियान चला, पोषण अभियान से बच्चों एवं माताओं को पोषण दिया गया और आयुष्मान केंद्रों एवं आरोग्य मेले से मुफ्त इलाज किया गया। इन सुधारों ने सीधे तौर पर कुपोषण, असुरक्षित पानी और खराब स्वच्छता जैसी जड़ों पर चोट की। ये वे संरचनात्मक विफलताएं थीं, जिन्होंने वर्षों तक एईएस और जेई के प्रसार को बढ़ावा दिया था।

# कनाडा की भूल सुधार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के पहले वहां की सरकार ने जिस तरह यह कहा कि उनके देश में होने वाले अपराधों का भारत से कोई संबंध नहीं, वह केवल भूल सुधार ही नहीं, बल्कि इसका प्रमाण है कि जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली पिछली सरकार किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी एजेंडे पर चल रही थी। जस्टिन ने भारत से भागे और अवैध तरीके से कनाडा में प्रवेश करने वाले खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराते हुए ऐसे बेतुके बयान दिए थे कि इस हत्याकांड में भारत का हाथ होने के पुख्ता आरोप सामने आए हैं। प्रमाण के बजाय आरोप की हास्यास्पद बात



करके उन्होंने अपनी जगहंसाई तो कराई ही थी, यह भी सिद्ध किया था कि वे खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह के इशारे पर भारत से संबंध खराब करने पर तुल गए थे। यह ठीक है कि उनकी अल्पमत सरकार जगमीत की पार्टी के समर्थन की मोहताज थी, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे उसके दबाव-प्रभाव में भारत से संबंध बिगाड़ने की हद तक चले जाते। आम तौर पर अल्पमत सरकारें घरेलू मामलों में समर्थक दलों के दबाव में आती हैं, लेकिन ट्रूडो सरकार तो विदेश नीति पर जगमीत की पार्टी के समक्ष नतमस्तक हो गई। समस्या केवल इतनी ही नहीं थी कि जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थक नेताओं के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे, बल्कि यह भी थी कि वे भारत विरोधी तत्वों की पीठ पर हाथ रखे हुए थे। इसका दुष्परिणाम यह था कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक अतिवादी आए दिन भारत के खिलाफ उग्र-हिंसक प्रदर्शन करते थे। वे भारत के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को भी धमकाते थे, पर जस्टिन मौन साधे रहते थे। इस कारण भारत को भी उनके खिलाफ कठोर रवैया अपनाना पड़ा। यह अच्छा हुआ कि उनकी जगह प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी पहले दिन से भारत से संबंध सुधार के प्रयास कर रहे हैं, पर भारतीय नेतृत्व केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि नई सरकार पिछली सरकार की गलतियां ठीक कर रही है। भारत को यह देखना होगा कि कनाडा में भारत के खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार करते रहने वाले खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई होती है या नहीं? भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी अभी भी भारतीय हितों के लिए खतरा बने हुए हैं।

# लोकेश सैनी का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में चयन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** महाश्वेता बाल निकेतन स्कूल मोरिजा के कक्षा 10 के छात्र लोकेश सैनी का 69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। लोकेश सैनी ने 1500 मी 3000 मी में सिल्वर मेडल तथा 400 मी. रिले दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर परचम लहराया। संस्था डायरेक्टर धन्नालाल सैनी ने बताया कि लॉन टेनिस 17 वर्ष छात्र अंकित सैनी, नरेश सैनी, शुभम सैनी और क्रिकेट 17 वर्ष छात्र हिमांशु चौधरी तथा एथलेटिक्स 17 वर्ष छात्र लोकेश सैनी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर अपने गाँव व विद्यालय का नाम रोशन किया और उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गई। संस्था डायरेक्टर ने यह भी बताया कि चौमू परिक्षेत्र में एकमात्र विद्यालय है जो पिछले 2 साल में सबसे ज्यादा विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

# हर एकादशी पर देवालयों में मातृ शक्ति करेगी पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**सागांनेर(निस)।** डिग्गी मालपुरा मेगा हाईवे स्थित गुरू महाराज मंदिर परिसर में शुक्रवार को मातृ शक्ति के सानिध्य में फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के अवसर पर आम, अमरूद, जामुन, चीकु के 11 पोधै लगाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। समाजसेवी दिनेश रातल्या ने व राजूलाल अचरावाला ने बताया कि हर माह की एकादशी को मंदिर परिसरों में पौधारोपण करने का संकल्प लिया था। संकल्प के तहत जयपुर सहित प्रदेश भर के देवालयों में 3 वर्ष तक एकादशी पर पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर शुभम लोदवाल, कौशल्या देवी, मनभर देवी, सुनिता टेलर, नैना देवी आदि मौजूद रहे।

# मिसिंग लिंक रोड से ग्रामीणों की राह होगी सुगम, सड़क निर्माण शुरू



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भोपावास मोड से भोपावास मुख्य आबादी तक मिसिंग लिंक सड़क (1.4 किलोमीटर) का ग्रामीणों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। ग्राम भोपावास की मुख्य सड़क लंबे समय से बहुत खराब स्थिति में थी जिसका विगत दिनों ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को अवगत करवाया व सड़क बनाने की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक ने जल्द ही सड़क का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था जो पूरा हो रहा है। इसके लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया। यह सड़क स्टेट हाइवे जयपुर नीमकाथाना से जयपुर सीकर नेशनल हाईवे जोड़ने वाली लिंक रोड है इससे दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा। इस दौरान ग्रामीण जनों में ओंकार शेरावत, महेश मीना, मोहन मीना, जितेंद्र मीना, ग्यारसी लाल शेरावत, रामधन मीना, राकेश मीना, शेष मीणा, बनवारी जाट, के के यादव , सुरेश यादव, पिंटू मीना, बाबूलाल मीना व अन्य उपस्थित रहे।

# अस्पताल संचालक के घर से दस्तावेज व लैपटॉप चोरी का मामला, छह लोगों पर आरोप

जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस)।** ग्राम अणतपुरा स्थित सीकर रोड एनएच-52 पर संचालित डॉ. बीएल मील अस्पताल व रिसर्च सेंटर के संचालक एनआरआई डॉ. बनवारी लाल मील के निवास से महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप, प्रिंटर व अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट चौमू के आदेश पर पुलिस थाना गोविंदगढ़ में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। मामले की जांच गोविंदगढ़ पुलिस थाने के एएसआई सोहनलाल पूनिया कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पीड़ित डॉ. बनवारी लाल मील ने बताया कि उन्होंने 9 मई 2024 को अनुबंध के तहत अस्पताल का प्रबंधन रविप्रकाश झाखड़, तेजपाल यादव, महिपाल यादव व अन्य को सौंपा था। आरोप है कि आरोपितों ने अस्पताल का संचालन सही तरीके से नहीं किया और अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। गोविंदगढ़ पुलिस के अनुसार डॉ. मील 28 नवम्बर 2025 को पत्नी के साथ दक्षिण अफ्रीका गए थे और घर की देखरेख के लिए केयरटेकर नियुक्त किया था। 24 जनवरी 2026 को वापस लौटने पर उनके निवास से दो बैग गायब मिले। इन बैगों में अस्पताल से संबंधित मूल अनुबंध, संपत्तियों की रजिस्ट्री, बैंक चेकबुक, केस फाइलें, हस्ताक्षरित स्टाम्प पेपर सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। इसके अलावा डेल कंपनी का लैपटॉप, कंप्यूटर प्रिंटर, मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी चोरी हो गया। पीड़ित ने बताया कि घर का कोई ताला टूटा हुआ नहीं मिला, जिससे चाबी से ताला खोलकर चोरी करने की आशंका जताई गई है। एक चाबी पूर्व केयरटेकर के पास होने की बात भी सामने आई है। मामले में रविप्रकाश झाखड़ निवासी भारनी जिला सीकर, तेजपाल यादव व महिपाल यादव निवासी नांगल कोजू जयपुर, बाबूलाल यादव, विनोद महला उर्फ राजवीर बावल उर्फ ढाका निवासी गोडूकाबास मंडावा झुंझुनूं तथा निर्मल कुमार सिंधी निवासी जयपुर सहित अन्य के खिलाफ आरोप लगाया है गोविंदगढ़ पुलिस थाने के एएसआई सोहन पूनिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शुक्रवार को घटनास्थल का जायजा लेकर मौका नक्शा तैयार किया है।

# बस स्टैंड के पास चाय की दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर में लगी आग

## व्यवसायिक उपयोग में घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से इस्तेमाल, रसद विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** नावा शहर स्थित मुख्य बस स्टैंड के पास शुक्रवार को एक चाय की दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक लीकेज होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आग के गुबार उठने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल बस स्टैंड क्षेत्र होने के कारण वहां लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के दुकानदार



अपने प्रतिष्ठान और वाहन सुरक्षित स्थान पर ले जाने की जुगत में जुट गए। जिस दुकान में सिलेंडर में आग लगी, उसके सामने न्यायालय परिसर स्थित है तथा पास ही नगरपालिका कार्यालय और रिहायशी मकान भी हैं। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर शाकंभरी गैस एजेंसी के संचालक पवन गोड़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार नावा शहर सहित मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में चाय, मिठाई व अन्य दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक कार्यों में धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। नियमानुसार घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग अवैध है तथा इसके लिए व्यवसायिक सिलेंडर का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इस मामले में प्रवर्तन विभाग के इंस्पेक्टर रामलाल चौधरी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग के विरुद्ध समय-समय पर कार्रवाई की जाती है और जुर्माना भी लगाया जाता है। नावा क्षेत्र में शीघ्र ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 230 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स





**मकराना(निस)।** उमा हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। चेतन मीणा ने बताया कि कुल 230 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों के संबंध में परामर्श दिया तथा आवश्यक जांचें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं।चेतन मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर स्वर्गीय डॉ. नरेंद्र मीना की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया, जिनमें डॉ. उमा मीना (एमबीबीएस, डीजीओ स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. समीर (एमबीबीएस, एमडी शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. एन.के. सोनी (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो - हड्डी रोग विशेषज्ञ) व डॉ. राशिद खान (एनेस्थीसिया व जनरल सर्जरी विशेषज्ञ) शामिल रहें। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ सीबीसी, शुगर, यूरिन, ब्लड प्रेशर, पल्स ऑक्सीमेट्री सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। मरीजों को दवाइयों में भी विशेष छूट प्रदान की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को सुलभ व किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। चिकित्सकों की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच करवाने और समय पर उपचार लेने की सलाह दी। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की विशेष भागीदारी रही। स्थानीय नागरिकों ने इस जनसेवा आधारित पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# नावां में बजरंगियों की धमाल: फाग लोकगीतों की गूंज

जयपुर टाइम्स



**नावां सिटी(निस)।** सनातन धर्म के महापर्व होली के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल टोली नावा प्रखंड की ओर से अंजनी माता मंदिर, पुरानी रेलवे स्टेशन परिसर में चंग होली गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं को जीवंत रखना तथा आधुनिकता और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच आपसी सद्भाव, भाईचारा और मेलजोल की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में चंग की थाप पर राजस्थानी फागण लोकगीतों का सुमधुर गायन किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय और उत्सवी माहौल से सराबोर हो गया। इस अवसर पर युवा, बुजुर्ग और नगर के कई लोग उपस्थित रहे और पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लिया। बजरंग दल संयोजक मुकेश जलान्धरा ने बताया कि पहले लोग त्योहारों और मेलों को मिलजुलकर हर्षोल्लास से मनाते थे, जिससे समाज में भाईचारा और एकता की भावना मजबूत होती थी। लेकिन आधुनिक समय में मोबाइल के बढ़ते उपयोग से लोग सामाजिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं को अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सदस्यों ने नगरवासियों से प्रत्येक गली-मोहल्ले में इस तरह के आयोजन करने का आह्वान किया, ताकि भावी पीढ़ी भी अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से परिचित हो सके। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से फाग गीत गाकर होली पर्व की खुशियां साझा की।

# आत्महत्या की एफआईआर के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश



## ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी (निस)।** नावां में आत्महत्या प्रकरण में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार में भारी रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे न्याय मिलने में देरी हो रही है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी के भाई अमरचन्द वैष्णव पुत्र जगदीश प्रसाद ने 30 जनवरी 2026 को पुलिस थाना नावा में एफआईआर संख्या 24/2026 दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया, लेकिन आज दिनांक तक मामले का परिणाम न्यायालय में पेश नहीं किया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उनके किसी भी सदस्य के लिखित बयान तक दर्ज नहीं किए हैं, जबकि वे बार-बार थाने के चक्कर लगा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि मृतक दीपक कुमार वैष्णव ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया था और दो पन्नो का सुसाइड नोट भी लिख कर छोड़ा था, जिसमें अपनी मौत के कारणों का उल्लेख करते हुए आरोपियों के नाम स्पष्ट रूप से लिखे थे। इसके बावजूद पुलिस की ओर से नामजद आरोपियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि मामले में नामजद आरोपी खुलेआम नावा में घूम रहे हैं और पुलिस थाना परिसर में भी आते-जाते देखे गए हैं। विशेष रूप से आरोपी रेवत सिंह सोडा निवासी बाड़मेर के 25 फरवरी को शाम करीब 3 बजे स्कॉर्पियो वाहन से नावा पुलिस थाना आने का पीड़ित परिवार की ओर से बताया जा रहा है। इस घटना के वीडियो फुटेज भी परिजनों के पास सुरक्षित होने की बात कही गई है। परिवार ने आरोप लगाया कि आरोपी राजनीतिक प्रभाव के कारण पुलिस अधिकारियों से सांठगांठ कर कार्रवाई से बच रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन विमल सिंह नेहरा को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो वे उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। परिवार का कहना है कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी।

**कानाराम चावला की 40 साल की सेवा बनी युवाओं के लिए प्रेरणा**

# ऊन कतरने वाले के बेटे से डाक निरीक्षक तक का सफर

जयपुर टाइम्स



**नावां सिटी(निस)।** क्षेत्र के कानाराम चावला का जीवन संघर्ष, समर्पण और सकारात्मक सोच की एक ऐसी प्रेरक मिसाल है, जो युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की राह दिखाती है। साधारण परिवार में जन्मे चावला ने वर्ष 1986 में आनंदपुरा गांव से ग्रामीण डाक सेवक के रूप में अपनी सेवा यात्रा प्रारंभ की थी। आर्थिक तंगी के बीच पले-बढ़े चावला के पिता पेमाराम चावला ऊन कतरने का कार्य करते थे। माता-पिता का सपना था कि उनका पुत्र राजकीय सेवा में उच्च पद पर पहुंचे। पारिवारिक सहयोग के लिए चावला ने पढ़ाई के साथ-साथ गलीचे बनाने का कार्य भी किया, लेकिन परिस्थितियों के आगे कभी हार नहीं मानी। मेहनत और लगन के बल पर वर्ष 1996 में उन्हें पोस्टमैन पद पर पदोन्नति मिली तथा वर्ष 2014 में निरीक्षक डाकघर मकराना के रूप में वरिष्ठ डाक अधिदर्शक पद तक पहुंचे। अपने 40 वर्षों के गौरवपूर्ण सेवाकाल में उन्होंने नावां-कुचामन उपखंड के विभिन्न गांवों में जनहितकारी शिविरों का नेतृत्व किया।

उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए 15 हजार से अधिक बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही वे नियमित रूप से 45 शाखा डाकघरों का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करते रहे। कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए उन्हें संभाग स्तरीय पुरस्कार सहित अनेक सम्मानों से नवाजा गया। 28 फरवरी 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति होने जा रही है। कानाराम चावला की सफलता की यह कहानी युवाओं को यह संदेश देती है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए साहस, समर्पण और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है।

# सांभर झील में बर्ड फेस्टिवल: जाना पक्षियों का संसार

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** विश्व प्रसिद्ध खारे जल की झील सांभर लेक में शुक्रवार को वन विभाग के तत्वावधान में कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में एक दिवसीय सांभर बर्ड फेस्टिवल का दिव्य व भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, पर्यटकों व स्थानीय समुदाय को झील की समृद्ध वेटलैंड पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखकर आयोजित इस फेस्टिवल ने पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ जयपुर वी. केतन कुमार उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी सांभर ऋषिराज कपिल, सांभर साल्ट्स लिमिटेड के जीएम वी. जी. मेहरिया, पशुपालन विभाग के



नोडल अधिकारी गणेश कुमार गर्ग सहित वन विभाग के अधिकारी, रेंज स्टाफ, एनजीओ प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक व 250 से अधिक स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। फेस्टिवल में तकनीक और परंपरा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। सांभर की जैव विविधता व दुर्लभ पक्षियों की आकर्षक फोटो प्रदर्शनी, नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन, एवियन बोटुलिज़्म प्रबंधन व पक्षी रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी तथा 'एक जिला एक प्रजाति' अंतर्गत पंच गौरव लिसोड़ा की प्रदर्शनी ने उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से आकर्षित किया। स्कूली बच्चों के लिए ड्राइंग, क्विज व जागरूकता प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं और विजेताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों को झील क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग करवाई गई तथा कठपुतली नृत्य के माध्यम से संरक्षण का संदेश दिया गया। आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देते हुए eBird ऐप के माध्यम से पक्षियों की पहचान व डिजिटल रिकॉर्डिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नमक उत्पादन का लाइव सत्र आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को पारंपरिक उद्योग की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत होने का अवसर मिला। सांभर लेक जो कि एक अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की रामसर साइट है, के संरक्षण के लिए इच्छुक प्रतिभागियों का 'वेटलैंड मित्र' के रूप में पंजीकरण भी किया गया, ताकि जनभागीदारी को स्थायी स्वरूप दिया जा सके। वन विभाग ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन पर्यटन संवर्धन के साथ-साथ वैज्ञानिक डेटा संग्रहण, जनजागरूकता और संरक्षण प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प और प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## एमडी कुशवाह बने गणगौर मेला कमेटी के अध्यक्ष




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड मनिया में शुक्रवार को 11 बजे गांधी पार्क में नगर पालिका एवं मनिया मेला कमेटी की ओर से सर्व सम्मति से एमडी कुशवाह को गणगौर मेला का अध्यक्ष बनाया गया। मेला कमेटी की बैठक में मनिया सरपंच प्रतिनिधि पवन जैन, सर्व समाज के नागरिक, पूर्व मेल कमेटी अध्यक्ष और सभी पंच और वार्ड पंच मौजूद रहे। एमडी कुशवाह ने सभी को धन्यवाद देते हुए 21 मार्च को गणगौर मेला भलीभांति लगवाने के बारे में कहा। आगे बताया मनियां कस्बे में प्रतिवर्ष की तरह बैंड बाजों के साथ भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। मेले के दूसरे दिन हेतराम के अड्डा पर 22 मार्च को विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। सभी लोगों ने एमडी कुशवाह का साफा बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया। मेला कमेटी की बैठक में अधिशाषी अभियंता विष्णु कुमार परमार, मनियां थाना प्रभारी नीरज कुमार शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाह, सरपंच प्रताप कुशवाह, दिनेश कुशवाह, नेकराम कुशवाह, केके गहलोत, गीतम कुशवाह, मिच्छू कुशवाह,ऊदल कुशवाह, पिंकी ठाकुर, रामनिवास गुप्ता, दिनेश शर्मा, दाऊ दयाल शर्मा आदि नागरिक मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाल खाटू श्याम बाबा की भव्य शोभा यात्रा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में शुक्रवार को श्री बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सुंदर-सुंदर आकर्षक झांकियां ढोल नगाड़े, नृत्य बैंड मनमोहक आकरशक बैंड डीजे की धुन पर भजन कीर्तन आदि से राजाखेड़ा भक्तिमय नजर आया एवं जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया यह शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर राजाखेड़ा से शुरू हुई जो में बाजार होते हुए पुलिस चौकी तक पहुंची व बाईपास ले जाते हुए अंत में रौहाई दीक्षित मोहल्ले में हनुमान मंदिर परशोभा यात्रा का समापन किया गया राजाखेड़ा में इस शोभा यात्रा में राजाखेड़ा के महिला पुरुष बालक बालिकाओं ने बड चढ़कर हिस्सा लेते हुए समस्त संपूर्ण राजाखेड़ा भक्तिमय डूबा रहा में यह शोभायात्रा श्याम लाडला परिवार कमेटी राजाखेड़ा की ओर से निकाली गई है।

## धूमधाम से आयोजित होगा चौथ दंगल, तैयारियों को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा कस्बे में रियासत कालीन विशाल चौथ दंगल के आयोजन की तैयारियों को लेकर अब प्रशासन भी एक्टिव मोड में आ गया है और शुक्रवार होली से पहले राजाखेड़ा एसडीएम सुशीला मीणा ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी देवेंद्र तिवारी, कनिष्ठ अभियंता दयाल बघेल व अन्य अधिकारी कर्मचारी व स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक की जिसमें दंगल को आयोजन लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। एसडीएम सुशीला मीणा ने बताया कि राजाखेड़ा में होली के बाद चौथ को आयोजित होने वाले विशाल दंगल के लिए मैदान की तैयारी की जा रही है साथ ही बैठक में पहलवानों के आने को लेकर भी वार्ता हुई और अधिक से अधिक दंगल के प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया। मीणा ने बताया कि नगर पालिका दंगल के आयोजन को लेकर तैयारी कर रही है और अच्छे स्तर से दंगल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बिजली घर रोड स्थित अखाड़े में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैयारियों को भी गति देने के निर्देश दिए। बैठक में इस दौरान मीथल प्रसाद शुक्ला, माधो सिंह सरपंच देवेंद्र मुद्गल, दिलीप पराशर, लक्ष्मीकांत गुप्ता, अनूप तिवारी, प्रमोद ठाकुर, गौरीशंकर, प्रमोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक वृध्द महिला के रुपए रखे हुए बैग को खोये जाने की सूचना पर महज 1 घंटे में दस्तयाब

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पिछले दिनों एक वृद्ध महिला के रुपए रखे हुए बैग को खोये जाने की सूचना पर महज 01 घंटे में दस्तयाब करने वाले धौलपुर पुलिस की सायबर सेल के प्रभारी नरेन्द्र सिंह हैड कांस्टेबल व हरवेंदर सिंह कानि. को मंजरी फाउंडेशन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह के सानिध्य में सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों धौलपुर पुलिस ने एक वृद्ध महिला का खोया हुआ बैग मात्र एक घंटे के भीतर बरामद कर उसे सुरक्षित लौटाया था। 20 फरवरी को गुजरात में मजदूरी करने वाली वृद्ध महिला शांति पत्नी गिर्राज सिंह जाति कुशवाह निवासी मसूदपुर थाना सदर धौलपुर सुबह 6:00 धौलपुर रोडवेज बस स्टैंड से एक ओटो से अपने गांव मसूदपुर के लिए रवाना हुई थी और बैग को सीट के पीछे रख लिया लेकिन जब महिला गांव में पहुंची तो बैग ओटो में नहीं था। ध्यान से देखा तो ओटो में सीट के पीछे की तरफ का पर्दा फटा हुआ था। महिला और परिजनों ने फिर वापिस उस रास्ते पर बैग को काफी खोजा लेकिन कल शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद 21 फरवरी की सुबह 9:30 पर महिला अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर पहुंची तो पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सायबर सेल प्रभारी नरेन्द्र कुमार हैंड कानि के नेतृत्व में कानि.हरवेंदर सिंह तत्परता से तकनीकी संसाधनों के उपयोग से बैग की तलाश में रवाना हुए और सैंपल रोड पर एक नाले में बैग मिला ।

# महापंचायत के बाद किसानों पर मुकदमे के सकारात्मक निस्तारण पर बनी सहमति

### उपखंड कार्यालय पर 24 सूत्री मांगों को लेकर महापंचायत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम ने कहा है कि देश की सरकार ने ट्रेड डील को लेकर जिस प्रकार से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, उससे भारत के किसानों का भविष्य खतरे में आ जाएगा। कॉमरेड अमराराम स्थानीय उपखंड कार्यालय के सामने 24 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की महापंचायत में उपस्थित सैंकड़ों किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार व कंपनियों की नजर अब किसानों के खेतों पर है और जमीन को छीनने की साजिश शुरू हो चुकी है, लेकिन इस देश का किसान झुकने वाला नहीं है। वहीं किसान सभा के प्रदेश सचिव कॉमरेड किसन पारीक ने कहा कि अमेरिका से हमारी सरकार को लेकर दो ईमेल लीक हुए, इतने में हमारी सरकार घुटनों पर आ गई और रूस से फायदे के सौदे पर कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया। इससे आने वाले समय में और ज्यादा महंगाई की मार जनता को झेलनी पड़ेगी। वहीं कॉमरेड निर्मल प्रजापत ने कहा कि दो व्यक्ति देश की सम्पति बेच रहे हैं और दो व्यक्ति खरीद रहे हैं। किसी ने सरकार से मांग नहीं की पैमाईश की, लेकिन फिर भी किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसी भी किसान ने स्मार्ट मीटर नहीं मांगा, लेकिन कंपनियों के हित में थोपा जा रहा है और तो और कुछ लोग फर्जी किसान बनकर हमारे हिस्से का क्लेम भी उठा रहे हैं। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि किसानों के नाम पर सता में आए लोग आज किसान के ही दुश्मन बन गए हैं। इस अवसर पर कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने उपखंड कार्यालय में हुई वार्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर की सभी मांगे प्रशासन ने मान ली हैं और जल्द पूरी की जाएगी। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने धरनास्थल पर शाम को आकर कहा कि भाषीणा में किसानों पर हुए मुकदमे में पुलिस कोई नकारात्मक कार्यवाही नहीं करेगी और जल्द ही मामले का निस्तारण हो जायेगा और कलक्टर से सम्बंधित मांगों को चूरू, जयपुर से सम्बंधित मांगों को सरकार के पास भेजा जाकर निस्तारित करवाने के प्रयास किए जायेंगे। इस पर शाम को महा पंचायत समाप्त हुई। वहीं वक्ताओं ने 23 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाजल, डीवाईएफआई प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानू, एसएफआई प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र ढ़ाका, सागर मेघवाल, भागीरथ नेतड डीडवाना, नरेंद्र बेनीवाल, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, भागीरथ दुसाद आदि ने विचार प्रकट किए। मनसुख गोदारा ने कहा कि चरला में खनिज की भूमि की चक्कर में अधिकांश किसानों की भूमि को घटाकर फोरेस्ट दिखाया गया है, जबकि किसानों में हाहाकार मचा है। दूसरी ओर इस समस्या को लेकर किसानों की आपति समय सीमा बीत जाने के बाद भी आपत्ति लिए जाने पर सहमति बनी। इस दौरान सालासर, कोडासर, जीली, लिखमणसर, गिरवरसर, चरला, साजनसर, बिलंगा, हेमारासर, शोभासर, मलसीसर सहित आस-पास के गांवो से किसान महापंचायत में शामिल हुए। सभा के दौरान किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, जगदेव बेड़ा, सिराज खान कायमखानी, महबूब बड़गुजर, मुमताज काजी, दीपाराम बिस्सु, जयराम टांडी, लालूराम बिजारणिया, पोकर प्रजापत, भगवानाराम, सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉमरेड हेतराम बेनीवाल को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

## पीएम मोदी के सुमेरपुर आगमन से पहले मंत्री जोराराम कुमावत का अजमेर-सुमेरपुर दौरा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित सुमेरपुर दौरे को लेकर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत 28 फरवरी को अजमेर और सुमेरपुर के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री कुमावत का यह दौरा प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा और कार्यक्रम में भागीदारी, दोनों ही दृष्टि से अहम माना जा रहा है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार मंत्री शनिवार सुबह 9:30 बजे वे सर्किट हाउस से कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्रीय मुद्दों और व्यवस्थाओं पर चर्चा करेंगे। दोपहर 2 बजे मंत्री अजमेर से सुमेरपुर के लिए रवाना होंगे और शाम 4:30 बजे सुमेरपुर पहुंचेंगे। यहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार मंत्री कुमावत अपने प्रवास के दौरान विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा कर सकते हैं। पशुपालन और डेयरी क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर अधिकारियों से रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही देवस्थान विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं पर भी चर्चा संभव है। प्रशासन ने दौरे को देखते हुए सुरक्षा और प्रोटोकॉल की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। संबंधित जिलों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के जरिए क्षेत्र में विकास योजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर मजबूत संदेश देने की तैयारी है। मंत्री कुमावत की सक्रिय मौजूदगी से स्थानीय संगठन को भी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बड़ी सिंघावली विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

जयपुर टाइम्स



**राजाखेड़ा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़ी सिंघावली के प्रांगण में 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ, विशिष्ट अतिथि और विद्यार्थियों ने आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक रंगों के त्योहार होली को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक गीतों और लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण उत्सव के रंग में रंग गया। प्रधानाचार्य राजन्ती देवी मीना व शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामनाएँ दीं। बच्चों ने भी एक-दूसरे को तिलक लगाकर बुराई पर अच्छाई की जीत एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाले इस पर्व को साझा किया। समारोह के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को 'सुरक्षित और इको-फ्रेंडली होली' खेलने का संदेश दिया। पानी की बचत करने और केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती राजन्ती मीना ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे बीच की दूरियों को मिटाकर सद्भावना बढ़ाने का अवसर है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृस्टिकोण एवं हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान जागृत होता है।

समारोह के दौरान नारायण सिंह सिंघावली, डॉ घनश्याम जैन, खेम सिंह लक्ष्मीनारायण शर्मा प्रधानाध्यापक, वकील अहमद व्याख्याता, रुखसार, राजेश सिंह, सुखवीर सिंह, शिवम पचौरी, साधना शर्मा, प्रतिभा शुक्ला आदि अध्यापक उपस्तिथि रहे।

## सचिव रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग की ओर से निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं व बालिकाओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा प्रकरणों के निष्पादन की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव की ओर से वन स्टॉप सेंटर में संधारित अभिलेखों, आगंतुक पंजी, केस रजिस्टर, परामर्श रजिस्टर एवं चिकित्सा सहायता से संबंधित अभिलेखों की जांच की। सचिव ने लंबित व निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित महिला, बालिका को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सचिव ने वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं जैसे आपातकालीन चिकित्सा सहायता विधिक परामर्श व निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा अस्थायी आश्रय, पुलिस समन्वय एवं एफआईआर सहायता का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया साथ ही स्वच्छता, सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने काउंसलिंग कक्ष व अस्थायी निवास कक्ष का अवलोकन करते हुए कहा कि पीड़िताओं की गरिमा एवं निजता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान दो बालिकाएं उपस्थित मिली एवं एक बालिका बयान के लिए जा चुकी थी उपस्थित बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सचिव ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर समन्वित व त्वरित सहायता प्रदान करना है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधु शर्मा, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक शिप्रा पचौरी, स्टेनो राहुल डंडौतिया आदि मौजूद रहे।

## भारतीय पत्रकार संघ का प्रदेशस्तरीय होली मिलन समारोह, संगठन विस्तार पर जोर

जयपुर टाइम्स



**राजसमंद(निस)।** भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) का प्रदेशस्तरीय पत्रकार होली मिलन स्नेह समारोह शहर स्थित विनायक रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार झोटा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नारायण लाल सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष झोटा ने बताया कि प्रदेश के सभी 41 जिलों में संगठन की कार्यकारिणी का शीघ्र गठन किया जा रहा है तथा दो जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति भी की जा चुकी है। उन्होंने संघ के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए पत्रकारों की एकजुटता पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन का संदेश प्रदेश महासचिव नारायण लाल सेन ने पढ़कर सुनाया। संदेश में उन्होंने होली मिलन समारोह की शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों से सत्य, निष्पक्षता और जनहित की पत्रकारिता को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के लिए संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह में राजसमंद जिला अध्यक्ष विनोद पालीवाल, महामंत्री गणेश कुमावत, सलूंबर जिला अध्यक्ष कमलेश जैन, आमेट ब्लॉक अध्यक्ष मुबारिक अजनबी, कपासन अध्यक्ष कालूराम कुमावत, भोपालसागर अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर निरंजन पगारिया को दायित्व भी सौंपा गया। कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रभारी नर्मदा शंकर पालीवाल, ओम राजसमंद, पूर्व अध्यक्ष दिनेश पालीवाल व सुरेश जावा सहित अन्य मौजूद रहे।

## सचिव व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव वं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा ने संयुक्त रूप से जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा की ओर से जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव ने कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं विधिक सहायता की स्थिति का अवलोकन किया साथ ही स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही सचिव ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें उपलब्ध विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता की भी बंदियों को जानकारी दी। विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए गए कि पात्र बंदियों को शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# बेटे की मौत प्रकरण में एक साल बाद भी नहीं मिला न्याय

### मृतक गणपतसिंह की माता व पत्नी भूख हड़ताल पर

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** मांडोली निवासी गणपतसिंह की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर खुलासा नहीं होने पर परिवार के लोग एक बार फिर 27 फरवरी शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। शुक्रवार को गणपतसिंह की 80 वर्षीय माता हवा कंवर व पत्नी भारती कंवर भूख हड़ताल पर बैठ गई है। गणपतसिंह की माता का कहना है कि अब बेटे की न्याय की आखरी उम्मीद लेकर यहां आई हूं, जब तक बेटे की संदिग्ध मौत के आरोपियों का खुलासा नहीं होता है, तब तक यहां से नहीं उठूंगी चाहे इसके लिए अपनी जान जाए तो भी कोई परवाह नहीं है। बता दें कि 28 अगस्त 2024 को मांडोली गांव के सिकवाड़ा मार्ग पर कच्चे रास्ते पर गणपतसिंह की लाश मिली थी, जिसके बाद परिवार ने हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने भी मामले में कई पहलू जांचे, लेकिन अब तक कोई खुलासा नहीं हुआ तो एक बार फिर परिवार के सदस्य भूख हड़ताल पर बैठ गए। पुलिस ने अपनी जांच में तीन लोगों को संदिग्ध मानते हुए नार्को टेस्ट कराने की अनुमति मांगी थी, लेकिन एक संदिग्ध ने नार्को टेस्ट कराने से इंकार कर दिया था।

पिछली बार परिवार के 9 दिन धरने पर बैठे थे आश्वासन के बाद उठाया धरना। पिछले साल 11 नवम्बर 2025 को परिवार के पांच सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे थे जिसके बाद स्थानीय सांसद से लेकर कई विधायक धरने पर पहुँचे और परिवार को ठोस आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया और इस मामले में परिवार की मदद करने की बात कही थी। पिछली बार 80 वर्षीय माता, मृतक की पत्नी, समेत भाई भूख हड़ताल पर बैठे थे, इस दौरान एसपी ने एसआईटी गठित कर जांच को आगे बढ़ाने एव जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया था। ऐसे में आश्वासन की सारी सीमाएं पूरी होने पर परिवार एक बार फिर भूख हड़ताल पर है।

16 फरवरी को रामसीन से पैदल रवाना हुए थे लेकिन पुलिस के आश्वासन पर रुके

इसी महीने की 16 फरवरी को परिवार जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठने के लिए रामसीन से पैदल रवाना होने का ऐलान कर चुका था और इसके लिए रामसीन के आपेश्वर मंदिर से रवाना हुए और रामसीन थाने में एक ज्ञापन सौंपा। इस पर त्वरित अनुसंधान सेल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह द्वारा आश्वासन देने के बाद धरना नहीं देने का निर्णय लिया, लेकिन10 दिन बाद भी परिवार को कोई कार्यवाही नहीं होती देख शुक्रवार 27 फरवरी से एक बार फिर धरना शुरू किया जिसमें मृतक की माता और पत्नी भूख हड़ताल पर बैठ गई।

मुख्य सचेतक गर्ग, जालोर सांसद, शिव विधायक समेत कइयों ने परिवार को आश्वासन दिया मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, जालोर सांसद लुम्बाराम, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, करणीसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना, मारवाड़ राजपूत सभा के हनुमान सिंह खांगटा समेत कई जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नेताओं ने धरने पर जाकर परिवार को आश्वस्त किया कि हम आपके साथ है जब तक न्याय नहीं मिलता।

## राजकॉप एप से संदिग्धों की तुरंत पहचान, नाकाबंदी के दौरान अपराधी का रिकॉर्ड आया सामने

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पुलिस का राजकॉप मोबाइल एप जिले में संदिग्ध व्यक्तियों, अपराधियों व असामाजिक तत्वों की पहचान में कारगर साबित हो रहा है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में पुलिस की ओर से नाकाबंदी व गश्त के दौरान एप का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। 26 फरवरी को जिलेभर में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी के दौरान बाड़ी कस्बे में थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में वाहन चालकों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन चालक की फोटो राजकॉप एप पर मिलान करने पर उसकी पहचान सचिन शर्मा निवासी आंगई के रूप में हुई। एप के माध्यम से जयपुर के सिंधी कैम्प थाने में उसके विरुद्ध अवैध हथियार से संबंधित प्रकरण दर्ज होने व गिरफ्तारी का रिकॉर्ड भी सामने आया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राजकॉप एप के फोटो मिलान फीचर से गश्त या नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तुरंत पहचान संभव है। यह एप फेशियल रिकग्निशन तकनीक के जरिए आपराधिक रिकॉर्ड, गिरफ्तारी व सजा सहित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराता है तथा गुमशुदा व्यक्तियों की शिनाख्त में भी सहायक है। पुलिस के अनुसार यह तकनीक अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का बावतरा में स्वागत



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** सायला उपखंड क्षेत्र के बावतरा स्थित श्री वाराही माताजी सोथुआ राजपुरोहित सेवा संस्थान में सोथुआ राजपुरोहित समाज के तत्वावधान में राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ जालोर के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष सुखदेवसिंह राजपुरोहित का भव्य स्वागत व अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान समाजबंधुओं ने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों व युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष सुखदेवसिंह राजपुरोहित ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे समाज की एकता और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना, युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना तथा शिक्षा व संस्कारों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने समाज में आपसी समन्वय, सहयोग और संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिले में महासभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। अंत में उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जेताराम बावतरा, पुखराज आलासन, भवरसिंह चौराऊ, मांगीलाल मिठोड़ा, हेमसिंह (उम्मेदाबाद), खिमराज (बावतरा), वशनसिंह सुराणा, टिकमसिंह (भांडवपुर), बगदावरमल (सायला), नाथूसिंह सुराणा, जूठाराम (बावतरा), उम्मेदाराम (सायला), मिश्रीमल (बावतरा), सोवलाराम (बावतरा), सुकसिंह चौराऊ, दुदराज दहिवा, फुआराम (भांडवपुर) व शांतिलाल बावतरा सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति क्लब उपलब्ध कराएगी जरूरतमंद छात्रों को पाठ्यसामग्री



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब की ओर से निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु 'उड़ान' कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, उप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य दिलीप सिंह महावर ने किया। 'उड़ान' कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 200 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक पुस्तकों व अन्य पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराना हैं। इस मौके पर महावीर सेन, जगदीश बिल्लू, राजेश पाराशर, बलवंत जैन, किशन शर्मा, सुनील खटीक, मुकेश सेन, संदीप कोली, एडवोकेट नरेश सिंह तंवर व गौरव शर्मा मौजूद रहे।

## खेड़ा देवी अंबे माताजी के वार्षिक मेले की तैयारियां जारी

जयपुर टाइम्स


**सुमेरपुर(निस)।** माताजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में पोयणा गांव स्थित खेड़ा देवी श्री अंबे माताजी मंदिर में 21 व 22 अप्रैल को दो दिवसीय भव्य वार्षिक मेला महोत्सव आयोजित होगा। मेले को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है तथा मंदिर परिसर में आकर्षक रोशनी, टेंट, साउंड सिस्टम, भोजन व जल व्यवस्था सहित तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 21 अप्रैल को भजन संध्या के साथ श्रद्धालु वार्षिक चढ़ावा अर्पित करेंगे, वहीं 22 अप्रैल को प्रात हवन-यज्ञ, शोभायात्रा व दोपहर में विशाल महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस दौरान अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता व सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर मेले को सफल बनाने की अपील की है।

### जिंदगी से जंग हार गए, पर एंबुलेंस ने नहीं छोड़ा किराया!

## रेफर मरीज की रास्ते में मौत, फिर भी वसूले 6 हजार रुपए; धुलाई शुल्क लेने का भी आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किए गए एक मरीज की रास्ते में मौत हो जाने के बाद भी एंबुलेंस चालक ने पूरा किराया और अतिरिक्त धुलाई शुल्क वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने इसे अमानवीय, गैरकानूनी और 'आपदा में अवसर' तलाशने जैसा कृत्य बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और निजी एंबुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक अमराराम माली का सामाजिक और राजनीतिक जीवन सक्रिय रहा। वे नगर भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष रहे तथा पूर्व में पार्षद पद पर भी कार्य कर चुके थे। संगठन में उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभाने के साथ वे पूर्व ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष व पाली जिला कार्यकारिणी सदस्य भी रहे। 24 को भर्ती, 25 को किया गया उदयपुर रेफर









परिजनों के अनुसार 24 फरवरी को अमराराम माली की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सुमेरपुर के निजी अस्पताल 'देवल पटेल' में भर्ती कराया गया था। 25 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें उदयपुर रेफर कर दिया। तगाराम माली ने बताया कि सुमेरपुर से उदयपुर तक एंबुलेंस का किराया 5 हजार रुपए तय हुआ था। किसी प्रकार के अतिरिक्त शुल्क की जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद एंबुलेंस रवाना हुई, लेकिन सिरोही के पास मरीज की हालत अत्यंत गंभीर हो गई और रास्ते में ही उनका निधन हो गया।

### मौत के बाद भी नहीं दिखाई संवेदनशीलता:

परिवार का आरोप है कि मरीज की मृत्यु के बावजूद एंबुलेंस चालक राहुल प्रजापत ने उदयपुर तक का पूरा 5 हजार रुपए किराया वसूल लिया। इतना ही नहीं, वाहन की धुलाई के नाम पर अतिरिक्त 1 हजार रुपए भी लिए गए। परिजनों का कहना है कि संबंधित एंबुलेंस पर सौजन्य सांसद लुंबाराम चौधरी ',,, लिखा हुआ था, जिससे आमजन को यह भरोसा रहता है कि सेवा पारदर्शी और मानवीय होगी। लेकिन व्यवहार इसके विपरीत रहा। पीड़ित परिवार का सवाल है कि जब मरीज उदयपुर पहुंचा ही नहीं और रास्ते में ही मौत हो गई, तो पूरा किराया किस नियम के तहत लिया गया? क्या आपातकालीन सेवाओं के लिए कोई निर्धारित दर और आचार संहिता नहीं है? यदि है, तो उसका पालन क्यों नहीं हो रहा? सामान्य प्रावधानों के अनुसार एंबुलेंस किराया तय दूरी या निर्धारित पैकेज शर्तों के आधार पर लिया जाता है। यदि मरीज गंतव्य तक नहीं पहुंचता, तो वास्तविक चली दूरी के आधार पर किराया लिया जाना उचित माना जाता है। अतिरिक्त 'धुलाई शुल्क' या अन्य चार्ज पूर्व सूचना और लिखित सहमति के बिना लेना नियमसंगत नहीं माना जाता। भुगतान की रसीद देना भी अनिवार्य है।

### आपदा में अवसर' बन रही सेवा?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निजी एंबुलेंस सेवाओं में मनमाने किराए की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। गंभीर हालात में परिजन मानसिक तनाव में होते हैं और तत्काल व्यवस्था के लिए जो कहा जाता है, वह देने को मजबूर हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि हर निजी एंबुलेंस में अधिकृत किराया सूची चस्पा होनी चाहिए और प्रत्येक भुगतान की रसीद अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग:

पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूह्र) और परिवहन विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस प्रकार की वसूली पर अंकुश नहीं लगाया गया तो अन्य परिवार भी आर्थिक और मानसिक शोषण का शिकार होते रहेंगे। सभी निजी एंबुलेंस में अधिकृत दर सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश कमल छंगाणी के निर्देशन में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व न्यायालयों की ओर से तैयारियां जोरों पर चल रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला व सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बैंक अधिकारियों को कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण में हर संभव प्रयास करें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि न्यायालयों में लंबित चल रहे धारा 138 एनआई एक्ट, ऋण वसूली आदि के प्रकरणों में वन टाइम सेटलमेंट राशि का निर्धारण प्रकरणों को राजीनामा की भावना से निस्तारण के हर संभव प्रयास किए जाए। बैंकों में भी आने वाले पक्षकारों से समझाइश की जाए व राजीनामा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने न्यायालयों में लंबित चल रहे प्रकरणों की सूची बनाकर यथा शीघ्र पेश करने की बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण करने पर बैंक की ओर से दी जा रही छूट योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, इसके लिए बैंक में सुदृश्य स्थान पर बैनर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऋण वसूली के संबंध में प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में भी पक्षकारान से बैंक स्तर पर भी प्री काउंसलिंग की जावे एवं प्रकरण में समझौते के लिए हर संभव प्रयास किए जाए। इस दौरान उन्होंने प्री लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण यथा शीघ्र पेश करने के निर्देश दिए। इस दौरान आरएमजीबी बैंक के राम अवतार, राजीव, प्रवीण अरोडा, नरेंद्रसिंह, उगमसिंह आदि बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### सखी सेंटर व केयर होम का किया निरीक्षण:

इसी प्रकार सचिव ने राजकीय चिकित्सालय में संचालित सखी वन स्टाप सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यहां पर आने वाली पीडिताओं की सहायता में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्हें नियमानुसार हर संभव सहायता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी पीडिता को कानूनी सहायता या सलाह की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करें। इसी प्रकार उन्होंने वात्सल्य चाइल्ड केयर होम जालोर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बदलते मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाये। उन्होंने कहा कि हाली के अवकाश में जो बालक घर जाए उनको भी समय समय पर वार्तालाप करते रहे। परीक्षा को लेकर बच्चों का विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का भी निरीक्षण किया।

## आंवला एकादशी पर उमड़ा आस्था का महाकुंभ, वैदिक मंत्रों से गूंजा विजय अक्षरवन

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** आंवला एकादशी के पावन पर्व पर विजय अक्षरवन में श्रद्धा का ऐसा ज्वार उमड़ा कि पूरा परिसर भक्ति, ऊर्जा और उल्लास से सराबोर हो गया। आस्था वैदिक संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य धार्मिक महोत्सव में शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वैदिक मंत्रोच्चार, गूंजते जयकारे और मधुर भजन-कीर्तन ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया।श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आंवला वृक्ष का पूजन कर भगवान विष्णु की आराधना की तथा परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विद्वानों ने एकादशी व्रत के धार्मिक, आयुर्वेदिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वास्थ्य, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य संचय का अद्भुत अवसर बताया। सत्संग, सामूहिक प्रार्थना और प्रसाद वितरण में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। आयोजन में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊंचाई प्रदान की। श्री राम गौशाला अध्यक्ष व समाजसेवी धीरज सांखला ने कहा कि आंवला एकादशी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्ममंथन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं—प्राणवायु, औषधि और जीवन-संतुलन का स्रोत। आंवला वृक्ष धर्म और आयुर्वेद दोनों में विशेष स्थान रखता है।वृक्ष पूजा का अर्थ केवल परंपरा निभाना नहीं, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देंगे। पूजा के साथ वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण को जीवन का संकल्प बनाना ही सच्ची श्रद्धा और सेवा है। समापन पर अतिथियों का सम्मान किया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन ने यह संदेश दिया कि ऐसे आध्यात्मिक पर्व समाज में संस्कार, एकता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देते हैं। विजय अक्षरवन में उमड़ा यह आस्था का महासंगम लंबे समय तक श्रद्धालुओं के मन में अविस्मरणीय रहेगा।

## धौलपुर बार बेंच आपसी सौहार्द का प्रतीक: संजीव मागो

### फागोत्सव व पुरस्कार वितरण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण व फागोत्सव समारोह जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव मागो के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए जिला जज संजीव मागो ने कहा कि बार बेंच के बीच इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से संबंध और भी प्रभावी और मजबूत होते हैं । उन्होंने कहा कि वर्तमान बार की ओर से अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारी कर्मचारी के लिए जो खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया था, वह आयोजन काबिले तारीफ है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से आप मेल मिलाप होता है और परस्पर विचारों का आदान-प्रदान होता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। एम ए सिटी न्यायाधीश प्रीति नायक ने कहा कि धौलपुर बार बेंच आपसी सौहार्द में पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। धौलपुर अभिभाषक संघ की पूरी कार्यकारिणी ऊर्जा से परिपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने रंगों के पर्व होली की सभी को शुभकामनाएं दी। समारोह में न्यायाधीश राजकुमार, अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल, एडीजे नम्रता पारेख, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि अभिभाषक संघ अधिवक्ताओं को साथ लेकर कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ता हित में कार्य कर रही है और आगे भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास अधिवक्ता हित सर्वोपरि रखना है। इस अवसर पर धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से सभी अधिकारियों का माला साफा व स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया। समारोह में पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव, मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट ज्योति मीणा, अनमोल गुप्ता,अभिभाषक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, संयुक्त सचिव ब्रजेश सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल, ऑडिटर विवेक व्यास, महिला कार्यकारिणी सदस्य कीर्ति राजावत, फरहा खान प्रतिमा व इंद्रा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंत में अभिभाषक संघ के महासचिव अरविंद कुमार गुर्जर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव ने किया।

प्रारूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांकः नपासा/2026 / 2768 दिनांक 27/2/26

-:लोकसूचनाः-

श्री रामस्वरूप मीणा पुत्र श्री सुरजमल मीणा, निवासी- दूकान नंबर-22, भैरव नगर, बैनाड़, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| क.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | बरडोटी | 3130/2496 | कुल किता 01 रकबा 0.1897 हैक्टेयर | कुल किता 01 रकबा 0.1897 हैक्टेयर भूमि को औद्योगिक में रूपान्तरण हेतु । |

इसलिए, इसके द्धारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (औद्योगिक भू-रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.2.2026 को जारी की गयी ।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डल सांभर लेक**

प्रारूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांकः नपासा/2025/2755 दिनांक 27/2/26

-:लोकसूचनाः-

श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री फुलचन्द, निवासी- धधोत कंला, झुन्झुनू ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

| क.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | बरडोटी | 2496/3096, 3131/2496 | कुल किता 02 रकबा 0.1897 हैक्टेयर | कुल किता 02 रकबा 0.1897 हैक्टेयर भूमि को औद्योगिक में रूपान्तरण हेतु । |

इसलिए, इसके द्धारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (औद्योगिक भू-रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज...को जारी की गयी ।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डल सांभर लेक**

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 39569 - 81 Date- 26.02.2026

**निविदा सूचना / 2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु0) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of Mortuary, Laundry, Manifold and other Misc. work at Medical College & Upgradation of Hospital, Pali. UBN- RRC2526WLOB01245 | 565.87 Lakh | अल्पकालीन ई-727/25-26 |
| SITC of 300 KLD STP and. 30 KLD Effluent Treatment Plant at District Hospital, Bundi. UBN-RRC2526WSOB01257 | 244.81 Lakh | अल्पकालीन ई-728/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd. rajasthan. gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**


# फाल्गुनी एकादशी पर खाटू नगरी में उमड़ा आस्था का महासागर

## रींगस से खाटू तक श्रद्धालुओं का सैलाब

## चांदी के रथ पर नीले घोड़े संग नगर भ्रमण पर निकले बाबा श्याम

जयपुर टाइम्स





**खाटूश्यामजी(निस)।** हारे के सहारे बाबा श्याम के विश्वप्रसिद्ध फाल्गुनी लक्खी मेले की मुख्य तिथि फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर खाटू नगरी श्रद्धा, आस्था और विश्वास के महासागर में डूबी नजर आई। इस पावन अवसर पर बाबा श्याम का सतरंगी फूलों से भव्य व अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया। बाबा के दरबार की एक झलक पाने के लिए देशभर से पहुंचे लाखों श्रद्धालु रींगस से लेकर खाटूश्यामजी तक कतारबद्ध दिखाई दिए। फाल्गुन शुक्ल एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम चांदी से बने भव्य रथ में नीले घोड़े पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। करीब 125 किलो चांदी से निर्मित डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य के इस दिव्य रथ में सवार होकर जब बाबा श्याम ने अपने भक्तों को दर्शन दिए तो पूरा वातावरण 'हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे' के जयकारों से गूंज उठा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु रथ को स्पर्श कर स्वयं को धन्य महसूस करते नजर आए। गुरुवार रात से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। मंदिर प्रशासन द्वारा बनाई गई सभी 14 दर्शन लाइनों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं 75 फीट मैदान में हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शनों की प्रतीक्षा में खड़े रहे। बढ़ती भीड़ को देखते हुए लखदातार ग्राउंड को भी खोल दिया गया, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह ठंडे पानी और इत्र की बौछार की व्यवस्था की गई, जिससे भक्तों को भीड़ और उमस के बीच राहत मिलती रही। हालांकि रथ यात्रा के दौरान अचानक बढ़े भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने में पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन समुचित प्रबंधन के चलते दर्शन व्यवस्था सुचारू बनी रही।

एकादशी व द्वादशी के अवसर पर सूरजगढ़ का निशान बाबा श्याम मंदिर के शिखर पर चढ़ाने की परंपरा के साथ मेले का आधिकारिक समापन होगा। बावजूद इसके, श्रद्धालुओं के खाटू नगरी पहुंचने का सिलसिला निरंतर जारी है और आने वाले दिनों में भी बाबा श्याम के दरबार में आस्था का यही जनसैलाब उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सुनीं लोगों की समस्याएं



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** अभिनेश महर्षि ने स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में रतनगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, राजस्व एवं सामाजिक योजनाओं से जुड़ी शिकायतें रखीं। महर्षि ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की परेशानी दूर करना उनकी प्राथमिकता है और वे लगातार जनता के बीच रहकर उनकी आवाज उठाते रहेंगे। जनसुनवाई के दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## होली व ईद उल फितर पर्व को लेकर सीएलजी की बैठक

### मुख्य बाजार अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** होली व ईद उल फितर पर्व को लेकर तारानगर थाना परिसर में पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएलज़ी व शांति समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई जिसमें यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, नो पार्किंग बोर्ड लगाने सहित कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की हुई। डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई ने सभी से त्यौहारों को आपसी भाईचारे व सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने व पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिह ने सभी से मुख्य बाजार के रास्ते पर रखें सामान को हटाकर मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा। इस मौके पर समाज सेवी भामाशाह अमर सिह चारण, मोहम्मद तैयब, हरी इंदौरिया, इमिलाल प्रजापत, एएसआई हरिदान चारण, राजू सिँह, महेशचंद मीणा, विजयसिँह हैड काँस्टेबल संतोष देवी, हरी इंदौरिया, वीर बहादुर सिँह राठौड़, माणक सैनी, जगदीश व्यास, एचएम लीलाराम, काँस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा, राजू नायक सहित सीएलज़ी व शान्ति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## श्री सीमेंट का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय औंकार वाटिका गार्डन में श्री सीमेंट लिमिटेड कंपनी की ओर से भव्य होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुभाष ट्रेडिंग कंपनी की ओर से हुए कार्यक्रम में कंपनी के जोनल हैड नॉर्थ द्वितीय के अमिताभ सिहाग, स्टेट हैड जी. एस चौहान, रीजनल हैड जितेंद्र कोठारी, डिस्ट्रिक ऑफिसर विपिन नेहरा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुभाष सहारण ने अतिथियों का मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भव्य चंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान चंग की थाप पर लोग थिरकते नजर आए। जॉनल हैड अमिताभ ने कंपनी की विभिन्न पॉलिसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के डीलर व रिटेलर उपस्थित रहे।

## कलश व निशान यात्रा के साथ श्याम महोत्सव का आगाज



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री श्याम सखा मंडल की ओर से श्याम महोत्सव 2026 का 33वां श्याम महोत्सव विशाल कलश व निशान यात्रा से शुरू हुआ। मंडल सेटलर रामावतार मंत्री ने बताया कि मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल जांगिड़, पवन मौसूण ने सपत्नीक बाबा की पूजा अर्चना करके जुलुश को रवाना किया। कैलाशपूरी मंदिर से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से गांधी चौक, घंटा घर, नया बाजार होते हुए श्याम बाग नया बास क्लब कलश यात्रा पहुंची। रास्तों में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। सैंकड़ो पुरुष और महिलायें हाथ में निशान व कलश लिए चल रहे थे। इस दौरान बाबा श्याम की जीवंत झांकी सजाई गई। जुलूस के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## रतनगढ़ में किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम का रतनगढ़ में स्वागत किया गया। वे सरदारशहर में आयोजित किसान महापंचायत के बाद सुजानगढ़ जाते समय रतनगढ़ पहुंचे, जहां किसान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य महासचिव कॉमरेड किशन पारीक, किसान सभा के नागौर जिलाध्यक्ष भागीरथ नेतड़ भी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम तहसील अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। कॉमरेड अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां लगातार किसान और मजदूर विरोधी रही हैं। उन्होंने प्रस्तावित अमेरिकी ट्रेड डील को देश के कृषि क्षेत्र के लिए नुकसानदेह बताते हुए कहा कि इससे सस्ते विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों की फसलों के उचित दाम मिलने पर खतरा पैदा होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियां देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को भी कमजोर करेंगी। उन्होंने चार लेबर कोड को मजदूरों के अधिकारों पर हमला बताते हुए कहा कि इससे श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा कम होगी और उनके सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार कमजोर होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान और मजदूर की लड़ाई अलग-अलग नहीं है, बल्कि यह संयुक्त संघर्ष है, जिसे एकजुट होकर आगे बढ़ाना होगा। कॉमरेड अमराराम ने कहा कि संसद के भीतर इंडिया गठबंधन किसान-मजदूर विरोधी नीतियों का मजबूती से विरोध कर रहा है और सड़कों पर भी जनआंदोलन के माध्यम से इन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने, किसान-मजदूर एकता को और सुदृढ़ करने तथा जनसंघर्ष को तेज करने का आह्वान किया।इस दौरान किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड मदनलाल जाखड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद चाकलान, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरजूराम खीचड़, पूर्व सेवादल जिलाध्यक्ष अजय बणसिया, भागीरथ खीचड़, सीताराम झाझडिया,ओमप्रकाश तालनिया, रामकिशन भामू, विजयपाल कड़वासरा,मनीष जाखड़, संजय, गिरधारी धिंटाला, बजरंग सिंह राजपूत, धनजी बिस्सू , तेजाराम, महिपाल नैणसहित किसान सभा व अन्य संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंक ज्योतिष के हिसाब से इस बार की होली है महत्वूपर्णः सुरेंद्र नामदेव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** इस बार होलिका दहन को लेकर लोगों में थोड़ी उलझन बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है और पूरे देश में इसे रंग, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा के बाद चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को रंगों वाली होली खेली जाती है और उससे एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है। साल 2026 में होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ी उलझन बनी हुई है। नामदेव ने बताया कि इस वर्ष रंगों की होली 4 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी. वहीं होलिका दहन 3 मार्च मंगलवार को किया जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 2 मार्च 2026 को शाम 5 बजकर 55 मिनट से होगी और यह 3 मार्च को शाम 4 बजकर 40 मिनट तक रहेगी। इसी दौरान भद्रा भी लग रही है। 2 मार्च की शाम 5:55 बजे से भद्रा शुरू होकर 3 मार्च की सुबह 5:32 बजे तक रहेगी। भद्रा काल में शुभ कार्य नहीं किए जाते, इसलिए होलिका दहन भद्रा समाप्त होने के बाद ही किया जाएगा। 3 मार्च 2026 को चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। इसी कारण 3 मार्च को रंग खेलने की परंपरा नहीं होगी और 4 मार्च को रंगभरी होली मनाई जाएगी। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त प्रातः 6 बजे रहेगा। होलिका दहन के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। शाम को पूजा की थाली तैयार करें। दहन स्थल पर जाकर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठें। होलिका को उपलों की माला अर्पित करें। इसके बाद रोली, अक्षत, फल, फूल, हल्दी, मूंग, गुड़, गुलाल, गेहूं की बालियां, गन्ना और चना आदि चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा करें।

### न्यूमेरोलॉजी के अनुसार विशेष प्रभावः

इस बार होली काफी महत्वपूर्ण है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार मानसिक अस्थिरता, भावनात्मक उतार-चढ़ाव, बाजार में अचानक हलचल राजनीति में बयानबाज़ी और रणनीतिक परिवर्तन, जल, कृषि और मौसम से जुड़े क्षेत्रों में परिवर्तन होंगे। इसी कारण रंग खेलने की परंपरा 4 मार्च को निभाई जाएगी। सात का अंक आध्यात्म, शोध, रहस्य और अप्रत्याशित घटनाओं का कारक है। कई छिपे हुए सत्य सामने आ सकते हैं और राजनीतिक उतार चढ़ाव की घटनाएं सामने आएगी।

## बसंतोत्सव पर महिला-पुरुषों ने किया जमकर नृत्य

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** लोक संस्कृति और कलाकारों के संरक्षण के लिये जिला मुख्यालय के गांव घंटेल स्थित त्रिनेत्र योग धाम में गुरुवार शाम होली के पावन अवसर पर वसंतोत्सव 2026 का आगाज किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने फाल्गुन की धमाल और लोकगीतों का जमकर आनंद उठाया। डॉ. मनोज योगाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही, महिलाओं ने योग प्रशिक्षक विनीता शर्मा के नेतृत्व में चंग की थाप पर लय ताल के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम संत गुलाब नाथ महाराज के सानिध्य में हुआ। इस दौरान गुलाबनाथ ने सुवटियों गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में श्री श्याम ढ़प मंडली, चूरू के गायक कलाकार राजेंद्र चौबे, महेश हारित, पंकज ओझा, निरंजन सेन, सौरभ औझा, हरीश हारित, डूंगर खटीक ने आकर्षक लोकगीतों और धमाल की स्वर लहरिया बिखेरी। कार्यक्रम में मुनीम जी की ढ़ाणी, घंटेल, पित्तर जी की ढ़ाणी, सोमासी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ऑर्गेनिक सब्जियों, पकोड़ियों और देशी, बाजरे की राबड़ी के स्वाद की हर किसी ने सराहना की और जैविक खेती की प्रेरणा ली। ज्ञात रहे की होली का आयोजन पुरुष प्रधान ही माना जाता है परंतु अब मातृशक्ति को भी ऐसे आयोजनों में अपने परिवार के साथ भाग लेना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति को समझने का मौका मिल सकेगा। त्रिनेत्र योग धाम में डॉ. मनोज योगाचार्य के सानिध्य में इसी थीम पर हमेशा कार्यक्रमों का आगाज किया जाता है, जिससे पारिवारिक समरसता बढ़े और लोक संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

## मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव नक्षत्र 2026 के तहत गुरुवार देर शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। इस अवसर पर कलक्टर सुराणा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी धरोहर है। ऐसे कार्यक्रमों से हमारी पुरातन संस्कृति हमारे मन में उजागर होती है। प्राचार्य डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थानी वेशभूषा में विद्यार्थियों व राणासर की ढ़फ मंडली ने रंगारंग सांस्कृतिक और चंग नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबंधित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 06 विद्यार्थियों को अपने गुरूजनों की स्मृति में डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने प्रतीक चिन्ह् व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोहिया कॉलेज, लॉ कॉलेज, जीएसटी ऑफीसर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ. रमाकांत वर्मा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. अशोक जांगिड़, विधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके सैनी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा शिक्षक, विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## 75 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाली स्कूलों में भी लगेगा इंटरेक्टिव बोर्ड

### 400 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाले स्कूलों में होंगे 2-2 बोर्ड

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ के संस्थापक सचिव स्व. चम्पालाल उपाध्याय द्वारा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास हेतु जीवन पर्यन्त किये गये कार्यों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से भामाशाहों के सहयोग से सरकारी स्कूलों-कॉलेजों में अत्याधुनिक तकनीक से शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु समूचे चूरू जिले में इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाये जाने की योजना बनाई गई है जिसके तहत अब रतनगढ़ के 75 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाले सभी स्कूलों में एक - एक तथा 400 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाली स्कूलों में दो - दो इंटरेक्टिव बोर्ड की स्थापना हो जाएगी। इसके लिए कोलकाता प्रवासी भामाशाह प्रदीप सराफ ने 21 लाख रूपये की राशि के 14 बोर्ड उपलब्ध करवाये हैं। बोर्ड की स्थापना हेतु शुक्रवार सुबह श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ में आयोजित मीटिंग में 14 प्रधानाचार्यों ने अपने अनुरोध पत्र परियोजना निदेशक राजीव उपाध्याय को सौंपे। इस अवसर पर रतनगढ़ सीबीईओ संदीप व्यास, परियोजना समन्वयक पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास व भानूप्रकाश इंदौरिया मंचस्थ रहे। अपने उद्बोधन में प्रोजेक्ट फाउण्डर उपाध्याय ने भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब तक जिले की 340 सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 5.40 करोड़ रूपये की राशि से 373 बोर्ड की स्थापना करवाई जा चुकी है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षण टूल प्रदान करना था जो अब साकार होता नजर आ रहा है। रतनगढ़ ब्लॉक के शहरी, ग्रामीण एवं दुर्गम ढ़ाणियों तक की स्कूलों में बोर्ड लगवा दिए गए हैं जिससे सभी को क्वालिटी एजुकेशन मिल पा रही है। इस अवसर पर उन्होंने संस्था प्रधानों को नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सीबीईओ व्यास ने कहा कि इंटरेक्टिव बोर्ड परियोजना से ऐसे बच्चों को लाभ मिला है जिन्होंने अभी तक टीवी भी नहीं देखा था। क्लास में बैठकर 75 इंच जैसी बड़ी स्क्रीन पर पढ़ाई करना बच्चों के लिए सुखद अनुभव प्रदान करता है।परियोजना समन्वयक पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास ने बताया कि इन 14 बोर्ड्स की स्थापना के बाद बाल निकेतन के सहयोग से रतनगढ़ के 142 सरकारी स्कूलों कॉलेजों में लगे कुल बोर्ड की संख्या 152 हो जायेगी। चूरू जिला देश का पहला ऐसा जिला बन गया है जिसके सभी सरकारी कॉलेजों में इंटरेक्टिव बोर्ड से पढ़ाई हो रही है। बाल निकेतन के शिक्षक देवेन मिश्रा, कौशल मिश्रा एवं ऋषभ शर्मा ने बोर्ड के संचालन संबंधी संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत करते हुए प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया।रतनगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाछड़सर, जोरावरपुरा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कांगड़, बुधवाली, गणेशमल बैद, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा, जैतासर, बीनादेसर सिद्धान, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिमसिया पुरोहितान, जेगणिया बीकान, हंसासर, देराजसर, बाढ़ां की ढ़ाणी, छाबड़ी मीठी में एक - एक इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाया जाएगा। बैठक में प्रधानाचार्य रतीराम, विश्वास निरंकारी, नेतराम, हरीश कुमार प्रजापत, सुरेन्द्र कुमार ऐचरा, जल सिंह मीणा, अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, कोजूराम, प्रभुराम, मुकेश बालाण, नीतू कुमारी, सन्तोष पूनियां, मोनिका आदि उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## 13.13 लाख रुपये का अवॉर्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय मोटरयान दुर्घटना पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में 13.13 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर अधिवक्ता विकास सिहाग ने बताया कि 14 जनवरी 2025 को मृतक कश्मीरीलाल सांसी अपनी मोटर साइकिल से भादरा शहर के आस पास गांव में अपना फेरी का कार्य करके अपने गांव मुंसरी की ओर आ रहा था, हिसार बाईपास की ओर नोहर की अजय होटल के पास पहुंचा तो सामने से आ रही ब्रेज़्ज़ा गाड़ी के चालक ललित कुमार ने मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे कश्मीरी लाल की दुर्घटना से मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के भाई विक्रम जीतसिँह ने भादरा थाने में घटना का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर ललित कुमार के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। मृतक की ओर से उसके वारिसान ने एमएसीटी कोर्ट में क्लेम याचिका पेश की जो चेनी देवी आदि बनाम यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस आदि पेश की जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों की आपस में समझाइश कर प्रार्थी के पक्ष में 13.13 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित किया। प्रार्थी की तरफ से मामले की पैरवी अधिवक्ता विकास सिहाग, अशोक सिहाग व अप्रार्थी बीमा कंपनी की ओर से पैरवी अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह राठौड़, मुकेश जाखड़ ने की।

## भारू में कैंप फायर के साथ शिविर का समापन

**मण्डावा(निस)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वाधान में भारु ग्राम में चल रहे कब मास्टर फ्लॉक लिडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर का कैम्प फायर के साथ समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव रामनिवास झाझडिया ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत अध्यापक अमरचंद तथा स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार थे जिला ओर्गेनाइजर प्रदीप कुमार ईशरवाल ने आय हुए अतिथियों का स्काउट परंपरा से स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने किया तथा अतिथियों का धन्यवाद पूर्व राष्ट्रपति रोवर रामवतार अध्यापक ने किया। इस अवसर पर मीरा ईशरवाल, दीपिका बिरख, प्रियंका, पिंकू, हरलाल सिंह, सत्यपाल, विकास, गोपाल कुमावत, महिपाल पुजारी भारु रहे।

### इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जाहिर होने डिगरी के
( ओ0 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी )

अण अदालत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मुकाम सरदारशहर रतनलाल बनाम मोहनलाल वगैरा
बनाम...
डिग्री बाबत :-विभाजन
मुकदमा नं.- 15 सन् 2024
बनाम :-
मुस्समी मोहनलाल पुत्र स्व. माणकचंद
कौम- सोनी साकिन चम्पालाल जाजू का मकान, पारीक मन्दिर गली, नया बास, सुजानगढ़ जिला-चूका राज.) 'चूंकि ठेकेदार ने डिगरी अदालत मबरखे व मुकदमें नं. सन की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में वार तारीख 07.03.2026 को हाजिर होकर
अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ न इजराय किये जाने डिग्री के रखते हो तो पेश करो ।
आज व तारीख 23.02.2026 बयब्त मेरे दरस्तख्त व मुहर अदालत के आज जारी किया गया।

**दस्तखत वकील या फरीक** **दस्तखत ओहदा**

**आज्ञा से,**
**अपर जिला एवं न्यायाधीश**
**सरदारशहर, जिला चूल (राज.)**

### राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड झुंझुनूं

#### जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजना चूरू में आवास संख्या 3 / 219 का आवंटन श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री जीवराज सिंह को जरिये आवंटन पत्र क्रमांक 2642 दिनांक 04.01.2011 को किया गया था। तत्पश्चात श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवास का दिनांक 19.05.2011 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात श्री राजेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 18.10.2018 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री देवेन्द्रपाल सिंह राठौड़ द्वारा उक्त आवास का घोषणा- पत्र दिनांक 11.02.2026 को निष्पादित करा दिया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री देवेन्द्रपाल सिंह राठौड़ का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

**जे. पी. वर्मा : आवासीय अभियन्ता**
**राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुन्झुनूं**

### कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.
Office Telephone No. 01561-240245 , E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./2025–26/8031–35 दिनांक :–24.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 2025–26**

नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका,राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से निविदा प्रति दिनांक 28.2.2026 समय दोपहर 2.00 तक विक्रय की दोपहर 4.00 बजे जमा कर सांय 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में विक्रय/ खोली जावेगी।

**Amount :-9.90 Lakh**
राज.संवाद/सी/25/21469

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

### कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 4054 दिनांक :- 23,2,26

**ई-निविदा / निविदा आमंत्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीजी विभाग में काम आने वाले रिजेन्टस / आईटम क्रय | 20.00 लाख | 04-03-26 | MHS2526GLRC06764 |
| 2 | रेडियोलोजी विभाग में काम आने वाले रिजेन्टस / आईटम क्रय | 8.00 लाख | 05-03-26 | MHS2526GLRC06746 |

**(सदस्य सचिव (RMRS)**
**राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

DIPR/C/4266/2025

# कैम्पस प्लेसमेंटः 117 आशार्थियों का रोजगार के लिए चयन

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं की ओर से रोजगार कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया।
इस रोजगार शिविर में कुल 06 निजी क्षेत्र के संस्थानों ने भाग लिया। जिनमें मारुति सुजुकी मोटर्स झुंझुनूं, जी 4एस सिक्योर सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , एल आई सी ऑफ इंडिया झुंझुनू, इनोवेशन लिमिटेड जयपुर, जेबीएम मोटर्स गुरुग्राम, आर्यन टाइल्स चिड़ावा ने प्रमुख संस्थानों ने बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर उनका प्रारम्भिक चयन किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में करीब 350 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया जिसमें से कुल 117 आशार्थियों का रोजगार के लिए प्रारम्भिक चयन किया गया।

### कार्यालय संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, चूरू
No. 01562-294237 E-mail ID: jd.churu.ahd@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक :-एफ.वी()/लेखा/औ.वि.नि./2025-26/14762 दिनांक- 23.02.2026

**परिवहन कार्य हेतु वाहन किराया बिड आमंत्रण सूचना**

| क्र. स. | सेवा / कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बिड शुल्क | धरोहर राशि | विड की अति विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दवा / उपकरण / फर्नीचर के परिवहन हेतु पिक-अप अथवा इसके समकक्ष लोडिंग वाहन किराये पर लेने बाबत् | रूपये 7.00 लाख | रूपये 500/- | रूपये 14000 /- | बिड प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 23.02.2026 से 04.03.2026 को 11:00 AM तक बिड प्रपत्र जमा करवाने की तिथि 04.03. 2026 को 03:00 PM तक तकनीकी बिड खोलने की तिथि 05.03.2026 को 11:00 AM |

नोट - विड प्रपत्र, शर्ते एवं अन्य जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ पर एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(डॉ. ओमप्रकाश )**
**संयुक्त निदेशक**

DIPR/C/4291/2025

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-सुजानगढ़
E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : अअ / जनस्वा/निविदा/2025-26 / 1971-1990 दिनांक : 28/02/2026

**'ई' निविदा सूचना संख्या 47 से 56/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट- अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड़ खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड- सुजानगढ़ (डी. डी.ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500/- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc. rajasthan. gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 47/2025-26 | PHE2526WSRC14768 |
| 48/2025-26 | PHE2526WSRC14769 |
| 49/2025-26 | PHE2526WSRC14770 |
| 50/2025-26 | PHE2526WSRC14771 |
| 51/2025-26 | PHE2526WSRC14772 |
| 52/2025-26 | PHE2526WSRC14773 |
| 53/2025-26 | PHE2526WSRC14774 |
| 54/2025-26 | PHE2526WSRC14775 |
| 55/2025-26 | PHE2526WSRC14776 |
| 56/2025-26 | PHE2526WSRC14777 |

**(कैलाश चन्द गाली)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़**

DIPR/C/4325/2025

### कार्यालय प्रधानाचार्य महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय चिमनपुरा (अलसीसर)

क्रमांकः - 173 दिनांक- 22/02/2026

**विज्ञप्ति**

श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा झुन्झुनू के आदेश क्रमांकः- मुजिशिअ / झु/2025-26/72 दिनांक 11.02.2026 तथा SDMC की बैठक दिनांक 20/02/26 की पालना में विज्ञप्ति जारी की जाती है कि विद्यालय के 05 कक्षा कक्ष मय बरामदा को भूमिदोज कर बोलीदाता द्वारा मलबा हटाकर समतलीकरण करवाया जायेगा

अतः समस्त बोलीदाता फर्म दिनांक 23/02/26 से 11.3.2026 तक समय 11 बजे से 1 बजे तक बोली मे भाग ले सकते है। पर्याप्त बोली नही आने पर बोली निरस्त करने का बोली का समय बढ़ाने का समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता के पास रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए विद्यालय सम्पर्क कर सकते हैं।

**प्रधानाचार्य**
**म.गा.रा. विद्यालय**
**चिमनपुरा (अलसीसर ) झुन्झुनू**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर
e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 2803 दिनांकः-18.2.2026

**ई - निविदा सूचना 66-72/ 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -II अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी । यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00 108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रकिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रू. 50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू.2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों मे) | धरोहर राशि ( राशि लाखों मे) | निविदा शुल्क (राशि रूपयो मे) | निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 66/ 25-26 | Annual Rate Contract for Running maintenance work of pump house at RWSS Udasar Bidawatan RWSS sub division 10.00 7 Sardarshahar, District - Churu. UBN is- PHE2526WSRC14528 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 67/ 25-26 | Annual Rate Contract for Running maintenance work of pump house at RWSS Ranasar Jaitasar and Dhani Ranasar RWSS under O&M sub division Sardarshahar, District- Churu. UBN is: PHE2526WSRC14532 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 68/ 25-26 | Annual Rate Contract for Running maintenance work of pump house at RWSS the water supply of various village RWSS under (O&M) sub Division Sardarshahar. UBN is: PHE 2526WSRC14536 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 69/ 25-26 | Annual Rate Contract for Providing, Installation and Commissioning of HSC Submersible and Centrifugal Pump sets with other Electrical Accessories under PHED Division Sardarshahar including 02 Years Defect Liability Period UBN Iis: PHE2526WSRC14539 Date 18.02.2026 | 50.00 | 10000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 70/ 25-26 | Annual Rate Contract for Strenthning of already laid DI HDPE pipe line under Div sardarsahar Distt. Churu UBN \|is: PHE2526WSRC14542 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 71/ 25-26 | Annual Rate Contract for Repairing Electric panel, Starters under Div sardarsahar Distt. Churu UBN is: PHE2526WSRC14545 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |
| 72/ 25-26 | Annual Rate Contract for Running maintenance work of pump house at RWSS Swai Badi under O M sub division Sardarshahar District Churu. UBN is: PHE2526WSRC14548 Date 18.02.2026 | 10.00 | 20000 | 500 | 04.03.2026 | 05.03. 2026 | 12 Month |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है।
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस गाना जावेगा । निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

**(रामदेव पारीक)**
**अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/3934/2025

## गोल्ड मेडिलिस्ट छात्रा सोनल तोलासरिया का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डाया कॉलेज, मण्डावा में शुक्रवार को महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा सोनल तोलासरिया पुत्री रविशंकर तोलासरिया का विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडल की सूची में नामांकन किया गया है। इससे मण्डावा शहर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन एवं स्टॉफ ने छात्रा व उसके माता-पिता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य सीताराम सैनी, प्राचार्या डॉ. वन्दना गौतम व समस्त महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा छात्रा को विश्वविद्यालय गोल्ड मेडिलिस्ट बनने पर बधाई दी। सामिति सदस्य सीताराम सैनी व प्राचार्य ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में महाविद्यालय एवं मण्डावा का नाम रोशन करते रहने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ के व्याख्याता सद्दाम हुसैन भाटी, भूपेन्द्र वर्मा, ममता सैनी, अंतिका शर्मा, सरिता झाझड़िया, राजेश टांडी, पवन सैनी, महेन्द्र कुमावत, अनूप चौहान, रमेश सोनी, रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

13.13 लाख रुपये का अवॉर्ड पारित
जयपुर टाइम्स
तारानगर(निस)। तारानगर न्यायालय मोटरयान दुर्घटना पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में 13.13 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर अधिवक्ता विकास सिहाग ने बताया कि 14 जनवरी 2025 को मृतक कश्मीरीलाल सांसी अपनी मोटर साइकिल से भादरा शहर के आस पास गांव में अपना फेरी का कार्य करके अपने गांव मुंसरी की ओर आ रहा था, हिसार बाईपास की ओर नोहर की अजय होटल के पास पहुंचा तो सामने से आ रही ब्रेज़्ज़ा गाड़ी के चालक ललित कुमार ने मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे कश्मीरी लाल की दुर्घटना से मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के भाई विक्रम जीतसिँह ने भादरा थाने में घटना का मुकदमा दर्ज करवाया।

| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

आषाढ़ 21, मंगलवार, शाके 1947- फरवरी 10, 2026
Asadha 21, tuesday, Saka 1947- february 10, 2026

**भाग - 1 (ख)**
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ
**सार्वजनिक निर्माण विभाग (पथ) राजस्थान जयपुर**
**कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चूरू, जिला-चूरु**
**प्रपत्र 7**
(धारा-11 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत )
नियम 16 के उपनियम (1) देखें
**अनुपूरक प्रारम्भिक अधिसूचना**
**चूरू फरवरी 06, 2026**

संख्या-प.7(699)एस.एच.ए./ पीपीपी / 2021-22: राजस्थान राजपत्र विशेषांक में अधिसूचना दिनांक 14 जून, 2023 जोकि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ चूरु-तारानगर - नोहर ( राज्य राजमार्ग संख्या-36 ) को पी.पी.पी. मोड के तहत विकसित किये जाने हेतु जिला चूरु, तहसील चूरु के ग्राम गाजसर से कुल 9.3020 हेक्टयर भूमि की अवाप्ति हेतु प्रकाशित किया गया था। उक्त प्रकाशित अधिसूचना के सापेक्ष माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर एस. बी. सिविल याचिका संख्या 3751/2025 पर माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 03.04.2025 के क्रम में जिला कलक्टर चूरू द्वारा उक्त प्रकरण की मौका स्थिति की जांच हेतु निर्देश इस कार्यालय को दिनांक 14.06.2025 को प्राप्त हुआ। जिसकी पालना में इस कार्यालय द्वारा गाजसर बाईपास प्रकरण की जांच कराया जाकर दिनांक 22.08.2025 को रिपोर्ट श्रीमान् जिला कलक्टर चूरू को किया गया। प्रस्तुत प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर श्रीमान् जिला कलक्टर चूरू द्वारा दिनांक 09.10.2025 को पारित आदेश की पालना में भूमि अवाप्ति जांच योजना को संशोधित किया गया। तैयार संशोधित भूमि अवाप्ति योजना अनुसार प्रभावित अतिरिक्त खसरों को सम्मिलित कर धारा 11 अन्तर्गत अनुपूरक प्रारम्भिक अधिसूचना जारी करने हेतु सक्षम स्तर से निर्णय लिया गया है।

अतः एतद् द्वारा घोषणा की जाती है कि मानक माप एंव संशोधित भूमि अवाप्ति योजना के अनुसार जिला चूरू, तहसील चूरु के ग्राम गाजसर में कुल 0.5534 हेक्टयर अतिरिक्त भूमि अधिसूचित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-
परियोजना प्रतिवेदन का अवलोकन भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चूरू, जिला-चूरु के कार्यालय में किया जा सकता है।
https//reams.rajasthan.gov.in
प्रकाशन तिथि: 10 फरवरी, 2026
https//jankalyanfile.rajasthan.gov.in/WebMyWayFiles/OrderEntry/RSHA/2026/हotification/O_160226_293fcf66-99d4-4a64-bd7d-f16b21b2fef1.pdf

DIPR/C/3958/2025

**(आर. के. लूथरा )**
**संयुक्त सचिव (पथ)**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**राजस्थान, जयपुर**

## मण्डावा में रंग रसिया फागण महोत्सव

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** बाल भारती विद्या निकेतन में शुक्रवार शाम को रंग रसिया फागण महोत्सव का आयोजन किया गया। सत्यनारायण हाळी टोळी ने देर रात तक होली के रंगारंग गीत और धमाल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संयोजक व स्कूल निदेशक राजेन्द्र सनोदिया व स्टाफ ने अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा और साफा पहनाकर स्वागत किया। बांसुरी की धुन के साथ चंग और ढप की थाप पर फाल्गुनी गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान जेपी सिरस्वा का मेहरी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्थानीय लोक कलाकारों ने आर्केस्ट्रा की धुनों पर फाग गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। चंग की थाप के साथ बांसुरी की मधुर धुन पर प्रस्तुत राजस्थानी पारंपरिक लोकगीतों ने पूरे माहौल को फाल्गुनी रंग में रंग दिया। लोक गायक एसएन इन्दोरिया एण्ड पार्टी, दिनेश काला जितेन्द्र कुमार सहित स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकगीत प्रस्तुत किए। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुतियों पर दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम में शिक्षाविद्द भोलासिंह, सुभाष चन्द्र बावलिया, पत्रकार जितेन्द्रसिंह शेखावत, एचपी खटनावलिया, सज्जनलाल सैनी, बजरंगलाल किसारी, नरोत्तम चेजारा, हरिराम दादरवाल व गोविन्द चौहाण, प्रधानाचार्य जीवणराम मीणा आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कलाकारों को नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अन्त में प्रायोजक राजेन्द्र सनोदिया ने सभी का आभार जताया।

## 6 वर्षीय ईरम खान ने रखा रोजा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नूर नगर में रहने वाले गुलाम मोहम्मद खान व नाजमीन बानो की 6 वर्षीय पुत्री ईरम खान ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा है। गुलाम मोहम्मद खान ने बताया कि नौवें दिन दूसरे जुम्मे पर ईरम खान ने रोजा रखा और खुदा की ईबादत की। ईरम ने पूरी पांच नमाजें भी अदा की। ईरम की इस उपलब्धि पर दादा शेर मोहम्मद खान व परिवारजन ने बधाई दी।

## श्रीराम मंदिर में महिलाओं ने खेली फूलों की होली

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय श्रीराम मंदिर में हरिशरण प्रभात फेरी, श्रीराम मंदिर परिवार व श्री श्याम एकादशी कीर्तन महिला मंडल की ओर से शुक्रवार को भव्य होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर व फूलों की होली खेलकर होली पर्व की बधाईयां दी। कार्यक्रम के प्रति महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

## प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह, कविता पाठ में अदिति, भाषण में आफरीन प्रथम



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** अणुव्रत स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अणुव्रत समिति रतनगढ़ की ओर से आर्या पब्लिक सी सै स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समिति के सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने बताया कि भाषण , गीत , वाद - विवाद और कविता पाठ प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 48 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। कविता पाठ में अदिति शर्मा ने प्रथम, लक्षिता ने द्वितीय तथा भाग्यश्री, दीपिका और निकिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आफरीन खान प्रथम, कहकशा द्वितीय तथा समीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद - विवाद प्रतियोगिता में न्यासा ने प्रथम, लक्ष्य पारीक ने द्वितीय तथा अनन्या ने तृतीय स्थान एवं गीत प्रतियोगिता में कविता एंड पार्टी ने प्रथम, खुशी एंड पार्टी ने द्वितीय तथा अनुसुइया एंड पार्टी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता के निर्णायक सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी मो अनवर कुरैशी , रामपुरिया जैन कॉलेज में कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त अनिल लाटा, धानुका आदर्श विद्या मंदिर समिति के व्यवस्थापक रामावतार शर्मा और योगाचार्य पवन जोशी रहे। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने अणुव्रत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने बताया कि विजेता छात्र - छात्राओं को 1 मार्च को जैन परिषद् भवन में आयोज्य अणुव्रत स्थापना दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। आर्या पब्लिक स्कूल के संरक्षक अंबिका प्रसाद शर्मा ने मंचस्थ अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और अणुव्रत समिति के उपाध्यक्ष अरुण रामगढ़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जयचंद शर्मा बने अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गोड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष

**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गोड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी व महासभा के प्रधानमंत्री प्रद्युवन जोशी ने चुरू जिला अध्यक्ष के पद पर समाज के भामाशाह जयचंद शर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्ति करने पर अध्यक्ष व महासभा के प्रधानमंत्री का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। नवीन पदभार ग्रहण करने पर जयचंद शर्मा को शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर पवन उपाध्याय भोजूसर उपाधियांन को तहसील मंत्री व राकेश उपाध्याय देराजसर को युवक मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# प्रधानमंत्री ने किसान व मजदूर वर्ग को लूटा : अमराराम

### अब किसान डरेगा नहीं मोदी को भी झूकना होगा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले शुक्रवार गांधी चौक पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीकर सांसद अमराराम चौधरी ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री मोदी किसान, मजदूर, कमजोर वर्ग पर कर अन्याय रहे है। सेना में भर्ती होने वाले युवाओं को अग्निवीर बना दिया गया। शादी सुधा युवा सेना भर्ती में नहीं हो सकता है। जरूरतमंदो को पट्टे नहीं मिल रहे है। किसानों के खेतों में बीचो-बीच हाई वोल्टेज की बिजली लाईने जा रही है। जिसका मुआवजा किसानों को दिया नहीं जा रहा है। फसलों का बकाया बीमा क्लेम भी रूका हुआ पड़ा हुआ है। जिसको बीमा कंपनी और बैंक कर्मचारियों की मिली भक्त से डकारना चाहते है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने महापंचायत की है। जिसकी लड़ाई लंबी चलेगी। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि भादरा विधायक बलवान पूनियां ने कहा कि भाजपा किसान व मजदूर के पीछे पड़ी हुई है। केवल मोदी सरकार अडानी, अंबानी के साथ मिलकर काम कर रही है। जिसके कारण किसानों को कमजोर कर रही है। प्रदेश में बीमा कंपनी भी इन भाजपा नेताओं के साथ मिलकर कार्य रही है। किसानों ने ताल मैदान से गांधी चौक तक जन आक्रोश रैली भी निकाली गई। इस दौरान किसान नेताओं ने महापंचायत के जरिए प्रशासन और सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें फसल बीमा क्लेम, लंबित बीमा राशि का तुरंत भुगतान, बिजली समस्या, कृषि कुओं पर पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति, 765 केवी हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा, कनेक्शन ढाणियों में सिंगल फेज बिजली कनेक्शन की सुविधा, मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता और श्रमिकों के हितों की रक्षा के मुद्दो को लेकर किसानों ने तहसीलदार रतनलाल मीणा सहित थानाअधिकारी मदनलाल विश्नोई के साथ किसानों ने वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर कामरेड नेता निर्मल प्रजापत, माकपा किशन पारीक, नागोर जिलाध्यक्ष भागीरथ नेतड़, जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह, उमरामसिंह, किसान नेता कामरेड रामकृष्ण छींपा, सांवरमल मेघवाल, भगवानाराम जाखड़, रामकरन भांभू, काशीराम सारण आदि किसान नेताओं ने संबोधित किया। किसान महापंचायत का संचालन सांवरमल मेघवाल ने किया।

## चित्रकला प्रतियोगिता के तहत पानी बचाव का दिया संदेश

### बच्चों ने दिखाया प्रतियोगिता में उत्साह

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार शुक्रवार को सुआ देवी टांटिया बाल भारती स्कूल में जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान महक व छवि द्वितीय कीर्ति व आकाश और तृतीय भव्या व आर्ची ने प्राप्त किया। सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई जयपुर के मनोज श्रीवास्तव ने बताया की चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जल है तो कल है इसके बाद भी जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। कैप में जयपुर के चिरंजीलाल ने बताया कि जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है। पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें, आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें, पानी की एक एक बून्द बचाएं, आज की बचत कल का भविष्य है व आप इसमें सहयोग करे और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे में कहे। कार्यक्रम में पानी के सरंक्षण पर बोलते हुए बाबू लाल ने बताया की जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है। जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करें, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करें। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है। जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें बच्चें अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है। हम सब को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। जिससे कि जल सरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के भंवरलाल जेसनसरिया, महेंद्र प्रजापत, सविता जैन, नेहा शर्मा, इशिता, लक्ष्मी नारायण, मीना सोनी, अनीता, कोमल , मिष्टी व महावीर प्रसाद, पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## रंग-रस और लोकधुनों के बीच सजा रंग रसियो फागण महोत्सव

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी लक्ष्मणगढ़ मंडल की ओर से गुरुवार शाम पुराना बस स्टैंड परिसर में आयोजित 'रंग रसियो फागण महोत्सव' में लोक संस्कृति और होली के उल्लास का रंगारंग माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए और पूरा परिसर फागण की मस्ती में सराबोर नजर आया।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता दिनेश जोशी ने पारंपरिक चंग पर थाप लगाकर किया। इसके बाद चंग, ढप और बांसुरी की धुनों के साथ प्रस्तुत रसिया गीतों पर शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित सहित जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता थिरकते नजर आए।महोत्सव में सालासर बालाजी के महंत ऋतेश पुजारी (बंटी महाराज), पवन गोयनका, करण सिंह, नंदकिशोर सैनी, गौतम चनेजा, वरुण कुशलेश, भवानी सिंह खेड़ी, भरत सरावग, प्रवीण स्वामी, शिवबक्श पटवारी, प्यारेलाल कटारिया, शिव भगवान बगड़िया, रामचंद्र बगड़िया, चंद्रकांत जाजोदिया, विनित सोनी, महावीर सैनी सहित अनेक पदाधिकारी मंचासीन रहे। अतिथियों का दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों और फागण के पारंपरिक गीतों ने कार्यक्रम को जनउत्सव का रूप दिया। आयोजन में शहर के नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अंत में शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षाविद छगनलाल शास्त्री, पूर्व पार्षद अशोक पुजारी, युवा नेता विकास रूहेला, मण्डल उपाध्यक्ष राजेश जोशी, मंत्री राजेश बेदी, एडवोकेट रविन्द्र शर्मा, नरेंद्र पारीक, सुभाष मणासरिया, राजु मणासरिया, विक्रम तंवर, हरीराम कुमावत, रवि भार्गव, रतन लाल कुमावत, विनित जैन, सज्जन सैनी, सुभाष जांगिड़, शंकर सैनी, योगेश शर्मा, योगेश तुनवाल, विजय शर्मा, मनीष पारीक, बनवारी मील, गोपाल सिंह सेसमा, रघुराम फेनिन, गुरू दयाल ढाका, तोलाराम, अशोक चाहर, बनवारी भड़िया, विशाल चौधरी, नंदलाल सैन, ओमप्रकाश बगड़िया आदि भाजपा कार्यकर्ता सहित नगर के लोग उपस्थित रहे।

## होली उत्सव को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान के गणगौर घाट के पास सरदारशहर मित्र मण्डल की ओर से आयोजित होली महोत्सव में बींजवा चंग पार्टी ने चंगो के साथ फागुणी धमाल सुनाकर देर रात्रि तक रंग जमाया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवससर पर उद्योगपति डॉ विकास मालू, राजकुमार रिणवां, अशोक पींचा, राजकरण चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, विनय मालू, व्यपार व उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, गौरव, रोहित सहदेव सहित अन्य अतिथियों का आयोजन मंडल के भंवरलाल धूत, दिनेश पांडिया, प्रकाश सोनी, विकास डांवर, रतनलाल सोनी, लीलाधर सैनी ने साफा व माला पहना कर प्रतिक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों की भीड देर रात्रि तक होली की धमाल का आनंद लेते हुए झूमते रहें।

## बाबा श्याम के संग होली खेली

**राजलदेसर(निस)।** देवनगर ढाणी बास में फागुन की एकादशी को बास श्याम के साथ फाग महोत्सव मनाया। गुरू माता विमला देवी के सानिध्य में अंजनी माता मन्दिर के पास प्रियंका पारीक ने बाबा श्याम को भोग लगाया। बाबा श्याम को गुलाल लगाकर फागुनी भजनों पर महिलाओं ने नाच गाकर फाग महोत्सव कार्यक्रम का आन्नद उठाया। कार्यक्रम में खुश्बू पारीक, लक्ष्मी देवी, सुनिता, कृष्णा पारीक, पलक, निशा, प्रिती, रचना, सुधा, पूनम, बबिता, कुसुम, शारदा आदि महिलाए मौजूद रही।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 39569 - 81 Date- 26.02.2026

**निविदा सूचना / 2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु0) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of Mortuary, Laundry, Manifold and other Misc. work at Medical College & Upgradation of Hospital, Pali. UBN- RRC2526WLOB01245 | 565.87 Lakh | अल्पकालीन ई-727/25-26 |
| SITC of 300 KLD STP and. 30 KLD Effluent Treatment Plant at District Hospital, Bundi. UBN-RRC2526WSOB01257 | 244.81 Lakh | अल्पकालीन ई-728/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd. rajasthan. gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 4084 दिनांक :- 25,2,26

**ई-निविदा / निविदा आमंत्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत निःशुल्क भोजन हेतु | 40.00 लाख | 10-03-2026 | MHS2526GLRC06899 |
| 2 | डेंटल विभाग में इंस्ट्रूमेंट एवं कंज्युमेबल आईटम | 4.60 लाख | 05-03-26 | MHS2526GLRC06875 |

**(सदस्य सचिव (RMRS)**
**राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

DIPR/C/4453/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 6272-6286 दिनांक- 23/02/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 55/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - P292526A 5855

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD 2526WSOB24222 | 2. | PWD 2526WSOB24223 |

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

DIPR/C/4293/2025

**कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, चूरू**

क्रमांकः- जिसासशिअ / चूरू / 2025-26 / 332 दिनांक 25.02.2026

**निविदा सूचना 05/2025-26**

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (2022-2027 ) के अन्तर्गत नवसाक्षरों की आयोजित परीक्षा हेतु पंजीयन फॉर्म एवं प्रश्नोतर पुस्तिका मुद्रित करने के लिए इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। अनुमानित राशि 2.88 लाख रूपये निविदा के दस्तावेज / अन्य शर्ते राज्य लोक उपापन पोर्टल http/ sppp. rajsthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।
UBN NO LIT2526GSOB00062

**DLCEO CHURU**

DIPR/C/4304/2025

**Office of Executive Engineer WDSC, Churu**

S.No.:- 652 Date :- 24.02.2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No. 06/2025-26& 08/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 36.577 For E-NIT NO. 06/2025-26 & value 30.404 Lac (Sr.No. 1), 43.137 Lac (Sr.No. 2) For E-NIT NO. 08/2025-26, are invited from interested bidders from 19.02.2026,10:00 AM to04.03.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in _Or http:// eproc. rajasthan.gov.in) of the state/ departmentalwebsite.

**NIB Ref.No. ENIT 06 2025 26 XEN CHURU**
NIB Code - WSC2526A1732
UBN - WSC2526WSOBO2998
**NIB Ref.No.ENIT 08 2025 26 XEN CHURU**
NIB Code - WSC2526A1734
UBN
WSC2526 WSOB02999
WSC2526WSOBO3000

**अधिशाषी अभियन्ता ज.ग्र.वि.**
**एंव भु-संरक्षण विभाग**
**पंचायत समिति चूरू**